चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 27 | अंक : 100 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 01 अप्रैल, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


## चैत्र नवरात्र

### चतुर्थ कूष्मांडा



आज ईशत हास्य से ब्रह्मांड की रचना करने वाली देवी भगवती के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना होगी। इनकी कांति और आभा सूर्य के समान है। जब सृष्टि नहीं थी तब देवी के कूष्मांडा स्वरूप ने ही सृष्टि का विस्तार किया। मां का यह स्वरूप अन्नपूर्णा का है। शाकुंभरी रूप धर देवी ने शाक से धरती को पल्लवित किया और शताक्षी बनकर असुरों का संहार किया। यह प्रकृति और पर्यावरण की अधिष्ठात्री हैं। कूष्मांडा देवी को आराधना के बिना जप और ध्यान संपूर्ण नहीं होते। नवरात्र के चौथे दिन शाक-सब्जी और अन्न का दान फलदायी है। माता के इस रूप में तृप्ति और तुष्टि दोनों हैं।

# हिंदुओं से सीखो धार्मिक अनुशासन : मुख्यमंत्री

## वक्फ बोर्ड ने मुसलमानों का कल्याण नहीं किया



**लखनऊ ( एजेंसी )** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो टूक शब्दों में कहा है कि हर किसी को हिंदुओं से धार्मिक अनुशासन सीखना चाहिए ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने यह बात सड़कों पर नमाज पढ़ने को लेकर लगाए गए बैन के विषय में कही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने साफ-साफ कहा कि सड़क चलने के लिए होती हैं धार्मिक आयोजनों के लिए नहीं। यदि धार्मिक अनुशासन सीखना है तो सभी को हिंदुओं से धार्मिक अनुशासन सीखना चाहिए।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाचार एजेंसी पीटीआई के साथ एक लंबी बातचीत की है। इस बातचीत में जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूछा गया कि उत्तर प्रदेश में सड़कों पर नमाज अदा करने पर पाबंदी क्यों लगाई गई है तो उन्होंने कहा कि सड़क चलने के लिए होती है धार्मिक आयोजन के लिए नहीं। इंटरव्यू के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ को धार्मिक अनुशासन और व्यवस्थित आचरण का एक आदर्श उदाहरण है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ का उदाहरण देते हुए कहा कि 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई और इस पूरे आयोजन के दौरान कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़कें चलने के लिए होती हैं और जो लोग ऐसा कह रहे हैं।उन्हें हिंदुओं से अनुशासन सीखना चाहिए। प्रयागराज में 66 करोड़ लोग आए। कहीं लूटपाट नहीं हुई, कहीं आगजनी नहीं हुई, कहीं छेड़छाड़ नहीं हुई, कहीं तोड़फोड़ नहीं हुई, कहीं अपहरण नहीं हुआ, यही अनुशासन है, यही धार्मिक अनुशासन है। करोड़ों हिंदू श्रद्धा के साथ प्रयागराज महाकुंभ में आए, महास्नान में भाग लिया और फिर अपने गंतव्य की ओर बढ़ गए। त्योहार और उत्सव (शेष पृष्ठ-3 पर)

# वक्फ संशोधन बिल पर सियासत





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र की मोदी सरकार कल (2 अप्रैल) को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किए जाने की तैयारी कर रही है। इससे पहले राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। सपा अध्यक्ष और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने बीजेपी पर हमला बोला है। वहीं, एनडीए की सहयोगी जेडीयू ने भी साफ कह दिया है कि वो वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद में स्टैंड लेगी।

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ है: अखिलेश



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, हम इस बिल के खिलाफ हैं. वक्फ बिल के खिलाफ हैं, क्योंकि बीजेपी हर जगह अपना कंट्रोल चाहती है। ये सरकार हर जगह हस्तक्षेप कर रही है और हर जगह कंट्रोल चाहती है। हम सभी दल इसका विरोध करेंगे। सपा के राज्यसभा सांसद और पार्टी महासचिव रामगोपाल यादव ने कहा, देश में सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की योजना बनाई गई. इनका उद्देश्य यही है कि कैसे देश का सद्भाव बिगाड़ दें. लोगों की हत्या की जा रही है। लोगों को मारा जा रहा है। लोगों को पुलिस प्रोटेक्शन में मारा जा रहा है। अगर मुसलमानों में डर है तो जायज है।

## संसद में स्टैंड लेंगे : जेडीयू



वक्फ बिल पर जेडीयू ने बड़ा बयान दिया। जेडीयू ने कहा कि नीतीश कुमार ने मुसलमानों के लिए बहुत काम किया है। संसद में हम अपना रुख साफ करेंगे। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन ललन सिंह ने कहा, JDU, नीतीश को विपक्ष के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। विपक्ष को अपने अंदर झांकना चाहिए। कांग्रेस ने मुसलमानों के लिए क्या किया, वो बताए। नीतीश ने मुसलमानों के लिए काम किया है। नीतीश ने मुसलमानों के लिए इतना काम किया, जितना किसी शासन ने नहीं किया।

# सेक्टर-18 की बिल्डिंग में लगी आग



7 लोग घायल तीन की हालत नाजुक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर से इस समय बड़ी खबर आ रही है। यहां नोएडा के कनॉट प्लेस कहे जाने वाले सेक्टर-18 की एक कॉमर्शियल बिल्डिंग में आज दोपहर को आग लग गई।आग लगने के बाद पूरे मार्किट में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां भेजी गई हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में लोग बिल्डिंग में फंसे हुए दिख रहे हैं। बताया जाता है कि नोएडा की सेक्टर-18 में स्थित चौखानी स्क्वायर बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में एक शोरूम में आज दोपहर आग लग गई। आग लगने के कारण उसका धुआं ऊपर उठने लगा जिससे दहशत फैल गई। आग का विकरात रूप देखते हुए ऊपर की मंजिल में फंसे कुछ लोग खिड़कियों से नीचे उतरने का प्रयास करने लगे। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर-18 की कॉमर्शियल बिल्डिंग में लगी आग में 7 लोग घायल हुए हैं। इन्हें उपचार के लिए सेक्टर-27 के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां तीन (शेष पृष्ठ-3 पर)

# रॉन्ग साइड आई कार ने बाइक में मारी टक्कर

**दादरी ( चेतना मंच )।** रॉन्ग साइड से तेज गति में आ रही कार के चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग निकला। थाना दादरी पुलिस ने चेकिंग के दौरान चालक व उसके साथी को हिरासत में ले लिया है। इस दुर्घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है जिसमें कार चालक रॉन्ग साइड जाता हुआ दिख रहा है। चिटहेड़ा गांव में बाइक पर जा रहे युवक को तेज गति में आ रही कार के चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद चालक कार को तेज गति में लापरवाही से चलाते हुए भाग निकला। थाना दादरी प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान दादरी टी पॉइंट के पास उक्त कार को रोक लिया। कार सवार अर्जुन वर्मा पुत्र सुरेश वर्मा व दीपक वर्मा पुत्र राजकुमार वर्मा निवासी बालाजी कॉलोनी दादरी को हिरासत में लिया गया है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# थैले में भरा था गांजा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना ईकोटेक वन पुलिस ने एक गांजा विक्रेता को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। पुलिस टीम जीबी चौराहे पर पहुंची तो उन्हें एक व्यक्ति घरबरा गांव की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उक्त व्यक्ति को रोककर उसके थैले की तलाशी ली तो उसमें से गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम आमिर पुत्र जब्बार निवासी ग्राम दुजाना जनपद झज्जर हरियाणा बताया। आरोपी ने बताया कि वह गांजा की बिक्री करता है पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# सेक्टर-17 पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सांसद तथा लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला कल सेक्टर-17 स्थित अपनी बेटी के घर एक मांगलिक कार्यक्रम में पधारे। इस मौके पर गौतमबुद्धनगर के सांसद तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने ओम बिड़ला से मुलाकात की।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित त्यागी, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, डिम्पल आनंद, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष तथा फोनरवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शेष पृष्ठ-3 पर)

# दिल्ली-नोएडा में वांछित बदमाश मुठभेड़ में घायल



**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। इसके पास से तमंचा कारतूस, घटना में प्रयुक्त बाइक, चोरी तथा छीने गए पांच मोबाइल फोन व नगदी बरामद हुई है। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं।

एडीसीपी नोएडा सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना सेक्टर-24 थाना प्रभारी श्याम बाबू शुक्ला पुलिस टीम के साथ सेक्टर-11 मदर डेरी चौराहे के पास बैरियर लगाकर आने जाने वाले संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सेक्टर 56 टी पॉइंट की तरफ से बाइक पर आ रहे एक युवक को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार पीछे मुड़कर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा किया (शेष पृष्ठ-3 पर)

# अपार्टमेंट के बाहर घूम रहे व्यक्ति से मोबाइल छीना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर 71 में अपार्टमेंट के बाहर घूम रहे एक व्यक्ति से बाइक सवार ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गया पीड़ित ने बाइक सवार बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। मूल रूप से इटावा के रहने वाले देवराज सिंह चौहान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बीते 27 मार्च की रात्रि की है। सेक्टर-71 स्थित जागृति अपार्टमेंट के पास खड़ा हुआ था इस दौरान बाइक पर आया एक युवक उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन कर भाग निकला उसने पीछा कर बाइक सवार को पकड़ने (शेष पृष्ठ-3 पर)

# चोरी के मोबाइल बेचने आये बदमाश दबोचे

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** चाकू का भय दिखाकर सुनसान जगह पर लोगों से मोबाइल फोन छीनने वाले दो बदमाशों को थाना सूरजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से छीने गए चार मोबाइल फोन व दो चाकू बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी विनोद कुमार चाहर ने बताया कि पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि लोगों से मोबाइल फोन छीन तथा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो बदमाश चोरी के मोबाइलों को बेचने की फिराक में सेक्टर डेल्टा-3 ओ ब्लॉक की सर्विस रोड पर खड़े हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर दोनों युवक भागने लगे जिन्हें पुलिस कर्मियों ने दबोच लिया। तलाशी में इनके पास से एक-एक चाकू, 4 मोबाइल फोन बराबर हुए। पूछताछ में पकड़े (शेष पृष्ठ-3 पर)

# नोएडा प्राधिकरण को मिला वाटर वारियर्स एवार्ड

## नोएडावासियों ने जल व सीवेज विभाग के प्रयासों को सराहा, दी बधाईयां



**नोएडा ( चेतना मंच )।** जल एवं सीवेज के कुशल प्रबंधन तथा उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए फिर तीसरी बार नोएडा प्राधिकरण को बेस्ट एसटीपी (पब्लिक) तथा बेस्ट इंटीग्रेटिड वाटर मैनेजमेंट की कैटेगरी में वाटर वारियर के विजेता के रूप में चुना गया। नईदिल्ली के आईटीसी मौर्या होटल में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल तथा महा प्रबंधक (जल एवं सीवरेज) आर.पी. सिंह को ये एवार्ड प्रदान किए। यह एवार्ड भारत सरकार तथा यूनेस्को द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किए गए। एवार्ड मिलने पर शहरवासियों ने सीईओ, एसीईओ तथा महाप्रबंधक (जल) आरपी सिंह के प्रयासों की प्रशंसा की तथा उनको बधाई दी।

आर.पी. सिंह ने बताया कि वर्तमान में नोएडा में कुल चार सीवर डिस्ट्रिक्ट के द्वारा 8 सीवेज शोधन संयंत्र काम कर रहे है। सभी संचालित प्लांट की क्षमता 411 एमएलडी की है। सभी प्लांट पर स्टेज-1,2,3 के तहत पूर्ण क्लोरिनेशन के साथ टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट के साथ है। ये सभी सीपीसीबी सर्वर पर ऑनलाइन भी है। इन सभी से कुल 260 एमएलडी का ट्रीटेड वॉटर मिलता है। इसमें 75 एमएलडी पानी का प्रयोग सिंचाई में किया जाता है। सेक्टर-54 में बनाए गए वेटलैंड में 20 एमएलडी ट्रीटेड (शेष पृष्ठ-3 पर)

# पत्रकार को पितृ शोक



**नोएडा ( चेतना मंच )।** वरिष्ठ पत्रकार पवन राज सिंह के पिताजी श्री तेजपाल सिंह का आज सुबह आजाद विहार, खोडा कालोनी स्थित आवास पर निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे तथा मेट्रो अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वे अपने पीछे सुपुत्र पवन राज सिंह, राजेन्द्र कुमार तथा ललित कुमार समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार आज ब्रजघाट गढ़ गंगा में दोपहर बाद किया गया। उनके निधन पर चेतना मंच परिवार उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है।


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)

कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

## कांपती धरती

म्यांमार केंद्रित 7.7 तीव्रता वाले भूकंप ने यहां और थाईलैंड में भारी तबाही मचाई। भूकंप का असर करीब चार मिनट तक रहा। अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार बारह मिनट के अंतराल के बाद भूकंप का दूसरा झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 6.4 थी। भूकंप का केंद्र म्यांमार के सागाइंग से 18 किमी दक्षिण में था। भूकंप से म्यांमार में भारी तबाही दिखी और पुल व बिल्डिंगें ताश के पत्तों की तरह बिखरती दिखी। म्यांमार में तबाही इतनी ज्यादा बतायी जा रही है कि सैन्य प्रशासन ने अंतर्राष्ट्रीय मदद की गुहार लगायी है। इतना ही नहीं भूकंप के झटकों से म्यांमार से करीब एक हजार किमी दूर स्थित थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में कई भवनों के ध्वस्त होने व सड़कें फटने की खबरें हैं। बैंकॉक में एक तीस मंजिला बिल्डिंग धराशायी हो गई। आशंका है कि इसमें अभी 43 मजदूर फंसे हुए हैं। भूकंप के झटकों से सहमे लोग मदद की गुहार लगाते रहे। घायल लोगों से अस्पताल भरे नजर आए। दीवारें फटने, इमारतों के गिरने से लोग दहशत में दिखे। शुरुआत आंकड़ों के अनुसार म्यांमार में 144 लोगों के मरने व सैकड़ों लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। लेकिन अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार मरने वालों का आंकड़ा हजारों तक पहुंच सकता है। भूकंप के केंद्र के निकट स्थित यंगून ही नहीं म्यांमार के अनेक शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां छह प्रांतों में आपात स्थिति घोषित हुई है। इसके अलावा चीन के कुछ हिस्सों व थाइलैंड में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक तीस मंजिला इमारत के धराशायी होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कई जगहों में इमारतों के रूफटॉप पर बने स्वीमिंग पूल का पानी सड़कों पर बहता नजर आया। भयभीत लोगों के चीखने से मंजर भयावह नजर आ रहा था। लोग मदद की गुहार लगा रहे थे। दरअसल, थाईलैंड भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील नहीं है, लेकिन म्यांमार में आने वाले भूकंप के झटकों का असर यहां दिखता है। भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील न होने के कारण थाईलैंड में भवन निर्माण में भूकंपरोधी तकनीक का उपयोग नहीं होता।जिसकी वजह से ज्यादा नुकसान की आशंका जतायी जा रही है। अस्पतालों में उपचार कराने वालों की लंबी कतारें देखी गई हैं। वहीं 2021 से सैन्य शासन के अधीन और गृहयुद्ध से जूझता म्यांमार इस प्राकृतिक आपदा के बाद हताश नजर आया। इंटरनेट का प्रयोग सीमित होने से वहां की स्थिति जानने में दिक्कत आ रही है। पहली बार सैन्य शासन ने अंतर्राष्ट्रीय मदद की अपील की है। प्रधानमंत्री ने भूकंप पीड़ितों की मदद के लिये अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई को कहा है। म्यांमार के दूसरे बड़े शहर मांडले से भी ऐतिहासिक रॉयल पैलेस व अन्य बिल्डिंगें गिरती नजर आई हैं। मांडले को राजधानी से जोड़ने वाली सड़कों में चौड़ी दरारें देखी गई हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे समेत जर्मनी व चीन की भूकंप पर नजर रखने वाली संस्थाएं भारी जन-धन के नुकसान की आशंका जता रही हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक भूकंप का केंद्र धरती से दस किलोमीटर नीचे होना बता रहे हैं। खबरें हैं कि म्यांमार की राजधानी नेपिडो में भी काफी क्षति हुई है। लोग भूकंप के ऑफ्टर शॉक के भय से खुले में रात बिताने को मजबूर हैं। वहीं म्यांमार व थाईलैंड के अलावा इस भूकंप के झटके दक्षिण पश्चिम चीन के यून्नान प्रांत में महसूस किए गए। हालांकि, थाईलैंड में बड़े भूकंपों का इतिहास नहीं रहा है, लेकिन म्यांमार के भूकंप फॉल्ट लाइन पर होने के कारण भूकंप पहले भी आते रहे हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार वर्ष 1930 और 1956 के बीच देश के मध्य से गुजरने वाले सागैंग फॉल्ट के पास रिक्टर स्केल पर सात तीव्रता के छह भूकंप आ चुके हैं। निस्संदेह, पड़ोसी देश म्यांमार में आया भीषण भूकंप भारत के लिये भी चेतावनी है। देश में भूकंपरोधी निर्माण अनिवार्य करने और आपदा-राहत तंत्र को मजबूत करने की जरूरत है। सरकारी प्रयासों के अलावा लोगों को जागरूक करना भी जरूरी है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जब भगवान ने अपनी माया को हटा लिया, तब वहाँ न लक्ष्मी ही रह गई, न राजकुमारी ही। तब मुनि ने अत्यन्त भयभीत होकर श्री हरि के चरण पकड़ लिए और कहा- हे शरणागत के दु:खों को हरने वाले! मेरी रक्षा कीजिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**मृषा होउ मम श्राप कृपाला। मम इच्छा कह दीनदयाला॥**

**मैं दुर्बचन कहे बहुतेरे। कह मुनि पाप मिटिहिं किमि मेरे॥**

हे कृपालु! मेरा शाप मिथ्या हो जाए। तब दीनों पर दया करने वाले भगवान ने कहा कि यह सब मेरी ही इच्छा (से हुआ) है। मुनि ने कहा- मैंने आप को अनेक खोटे वचन कहे हैं। मेरे पाप कैसे मिटेंगे?॥

**जपहु जाइ संकर सत नामा। होइहि हृदयँ तुरत बिश्रामा॥**

**कोउ नहिं सिव समान प्रिय मोरें। असि परतीति तजहु जनि भोरें॥**

(भगवान ने कहा-) जाकर शंकरजी के शतनाम का जप करो, इससे हृदय में तुरंत शांति होगी। शिवजी के समान मुझे कोई प्रिय नहीं है, इस विश्वास को भूलकर भी न छोड़ना॥

**जेहि पर कृपा न करहिं पुरारी। सो न पाव मुनि भगति हमारी॥**

**अस उर धरि महि बिचरहु जाई। अब न तुम्हहि माया निअराई॥**

हे मुनि ! पुरारि (शिवजी) जिस पर कृपा नहीं करते, वह मेरी भक्ति नहीं पाता। हृदय में ऐसा निश्चय करके जाकर पृथ्वी पर विचरो। अब मेरी माया तुम्हारे निकट नहीं आएगी॥

(क्रमशः...)

# बिहार की राजनीति में छोटी छोटी पार्टियां ला सकती हैं बड़ा बदलाव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागपुर यात्रा के दौरान आरएसएस मुख्यालय स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर नया इतिहास रच दिया क्योंकि संघ के 100 वर्षों के इतिहास में दूसरी बार देश का कोई प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पहुँचा था। हम आपको याद दिला दें कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान नागपुर में संघ मुख्यालय का दौरा किया था। संयोग देखिये कि मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान ही संघ मुख्यालय पहुँचे। मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने आरएसएस के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। वैसे कुल मिलाकर मोदी की इस यात्रा को भाजपा और आरएसएस द्वारा आपसी मतभेद दूर करने और एकजुट होने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान आरएसएस की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि भाजपा उस समय से आगे बढ़ चुकी है जब उसे आरएसएस की जरूरत थी और अब वह सक्षम है तथा अपने काम खुद करती है। नड्डा की इस टिप्पणी से संघ कार्यकर्ताओं में रोष उत्पन्न हो गया था और लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा और आरएसएस के बीच दूरी देखी गयी थी जिसका नुकसान भाजपा को लोकसभा में बहुमत गंवा कर उठाना पड़ा था।

हालांकि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद भाजपा ने संघ के साथ संबंधों में सुधार किया जिसके चलते पार्टी को हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत मिली थी। दूसरी ओर, संघ और भाजपा के बीच मतभेदों को दोनों ही संगठनों के नेता नकारते हैं और कहते हैं कि ऐसी बातें वही लोग करते हैं जो भाजपा और संघ को नहीं समझते हैं। वैसे जानकारों का यह भी कहना है कि संघ को मुख्य आपत्ति इस बात पर थी कि भाजपा एक व्यक्ति केंद्रित पार्टी बनती जा रही है। हम आपको याद दिला दें कि साल 2014 के बाद मोदी ब्रांड राजनीति के तहत भाजपा सारे चुनाव लड़ती रही है। लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा ने अन्य नेताओं को भी आगे बढ़ाया है और आने वाले समय में दूसरी पंक्ति के कई और नेताओं को बड़ी भूमिकाएं मिलने जा रही हैं। वैसे, आरएसएस के शताब्दी समारोह और बेंगलुरु में भाजपा की राष्ट्रीय



***भाजपा ने संघ के साथ संबंधों में सुधार किया जिसके चलते पार्टी को हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत मिली थी। दूसरी ओर, संघ और भाजपा के बीच मतभेदों को दोनों ही संगठनों के नेता नकारते हैं और कहते हैं कि ऐसी बातें वही लोग करते हैं जो भाजपा और संघ को नहीं समझते हैं।***

कार्यकारिणी की बैठक से पहले प्रधानमंत्री की नागपुर यात्रा इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि भाजपा जल्द ही अपने नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने वाली है। हालांकि हाल ही में संघ की ओर से स्पष्ट किया गया था कि उसके सभी आनुषांगिक संगठन अपने कार्यों के बारे में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेते हैं लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि साल 2009 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की करारी हार के बाद मोहन भागवत के हस्तक्षेप के बाद ही लालकृष्ण आडवाणी युग समाप्त हुआ था और मोदी आगे लाये गये थे। साल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद मोहन भागवत की कुछ टिप्पणियों को पार्टी नेतृत्व और प्रधानमंत्री मोदी की सीधी आलोचना के रूप में भी देखा गया था। इसलिए ऐसा हो नहीं सकता कि भाजपा अपने नये अध्यक्ष के नाम पर बिना संघ प्रमुख से चर्चा किये बिना फैसला कर ले।

हम आपको यह भी बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्रियों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पूर्व में सावधानी बरतते हुए सरकार और संघ के बीच अंतर सुनिश्चित किया लेकिन मोदी चूंकि खुद संघ के प्रचारक रहे हैं इसलिए वह संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते। हाल ही में तीन बड़े मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी आरएसएस को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने समर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा। साथ ही उन्होंने संघ की राष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका को रेखांकित करके अपनी 2047 तक विकसित भारत की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दर्शाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था। यही नहीं, जिस तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता गठबंधन सरकार होने के बावजूद अपने मूल एजेंडे में शामिल मुद्दों पर आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं वह इस बात का संकेतक है कि आरएसएस के कुछ मुख्य एजेंडे भाजपा की राजनीति में फिर से सबसे आगे आ रहे हैं।

बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघ मुख्यालय के दौरे के साथ ही डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थों में से एक दीक्षाभूमि का भी दौरा कर राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने संघ मुख्यालय में दिये गये अपने संबोधन में भी बाबा साहेब को याद किया और भारतीय संविधान की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसएस मुख्यालय में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर संघ के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही वह दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। मोदी दीक्षाभूमि स्थित स्तूप के भीतर गए और वहां रखी आंबेडकर की अस्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने जहां आरएसएस को भारत की अमर संस्कृति का 'वट वृक्ष' बताया वहीं उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया। इस तरह मोदी ने नागपुर यात्रा से जो संदेश दिया है वह यह है कि भारतीय संविधान के दायरे में रह कर काम करते हुए अपने वैचारिक संगठन की विचारधारा को आगे बढ़ाते रहेंगे।

**-नीरज कुमार दुबे**

## टैरिफ जंग से मुकाबले की रणनीति

यकीनन जहां दुनिया में एक ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति के कारण बहुराष्ट्रीय व्यापार समझौतों का सितारा अस्त हो रहा है, वहीं नए द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का जो नया दौर तेजी से आगे बढ़ रहा है, उसमें भारत नई व्यापार रणनीति के साथ सबसे आगे है। भारत की इस नई व्यापार रणनीति के तहत तीन महत्वपूर्ण बातें उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, अब लंबे समय तक व्यापार वार्ता चलाने के बजाय व्यापार वार्ता शीघ्रतापूर्वक पूरी की जाए। दो, व्यापार वार्ता के तहत मुख्य कारोबारी मुद्दों जैसे शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर शुरुआत में ही प्राथमिकता के साथ विचार मंथन किया जाए। तीन, व्यापार वार्ता में भारत के लिए सिरमौर बने हुए सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल्स और ऑटोमोटिव सेक्टर को विशेष रूप से शामिल कराने पर ध्यान दिया जाए। इससे वैश्विक वैल्यू चेन (जीवीसी) में भारत की जो हिस्सेदारी अभी सिर्फ 3.3 फीसदी है, वह हिस्सेदारी तेजी से बढ़ते हुए भी दिखाई देगी। हाल ही में 16 मार्च से 20 मार्च तक न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की आधिकारिक भारत यात्रा के दौरान लक्सन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने, विशेष रूप से व्यापार, कृषि, शिक्षा, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई अहम सझमौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। खास बात यह कि पिछले 10 वर्षों से प्रस्तावित और धीरे-धीरे आगे बढ़ रही भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौता वार्ता को अब शीघ्रतापूर्वक महज 60 दिन में पूर्ण करना भी सुनिश्चित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौते को लेकर जारी किंतु-परंतु को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। दोनों नेताओं ने इस बारे में प्रतिबद्धता जताते हुए अपने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के हितों के मुताबिक भारत-ईयू व्यापार समझौते पर इस वर्ष 2025 के अंत तक मुहर लगाई जाए। इसी तरह विगत 13 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले माह फरवरी में भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है। ऐसे में भारत ने ईयू की तरह अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण किए जाने के मद्देनजर रणनीति तय की है। यह उल्लेखनीय है कि इस समय जब दुनिया में द्विपक्षीय व्यापार समझौते नए सिरे से दोबारा अहम हो गए हैं, तब भारत प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल के तहत जून 2024 से आगे बढ़ी व्यापार वार्ताओं को तेजी से पूर्ण करने और व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन के लिए तत्परता से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में यदि हम पलटकर देखें तो पाते हैं कि गत वर्ष 13 से 15 जून को इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश के रूप में भारत शामिल हुआ और इस मौके पर सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं भी हुई। विगत 9 जुलाई को 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में मास्को में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा के बाद भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। 22 सितंबर को न्यूयार्क में भारत और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में कई व्यापार समझौतों के साथ कोलकाता में एक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने का करार हुआ है। विगत 22 से 24 अक्टूबर तक कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का भारत ने द्विपक्षीय वार्ताओं के लिए रणनीतिक लाभ लिया। साथ ही भारत और चीन के बीच पांच साल बाद अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस वार्ता के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों का नया अध्याय दिखाई दे रहा है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत के द्वारा कई और व्यापार वार्ताओं को तत्परता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने 16 से 21 नवंबर तक ब्राजील, नाइजीरिया और गुयाना के पांच दिवसीय दौरे के दौरान जहां जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस, इटली, ब्राजील, सिंगापुर, इंडोनेशिया, पुर्तगाल, नॉर्वे और स्पेन समेत कई देशों के नेताओं के साथ 31 द्विपक्षीय और अनौपचारिक वार्ताएं की, वहीं नाइजीरिया और गुयाना पहुंचकर इन देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की सार्थक वार्ताएं की। इसी तरह विगत 16 दिसंबर को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके अपने सबसे पहले राजकीय विदेशी दौरे पर भारत आए और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ नई दिल्ली में लाभदायक द्विपक्षीय वार्ता की। अब दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूती देने तथा पिछले वर्ष दिसंबर में की गई व्यापार वार्ताओं को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी आगामी माह अप्रैल में श्रीलंका जाएंगे। यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि विगत 21 और 22 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा कुवैत यात्रा के दौरान कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के साथ द्विपक्षीय वार्ता में आईटी, फार्मास्यूटिकल्स, फिनटेक, बुनियादी ढांचे आदि क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जो प्रभावी व्यापार वार्ता शीघ्र ही द्विपक्षीय व्यापार समझौते के रूप में दिखाई दे सकती है। इन सबके साथ-साथ जहां नॉर्वे, हंगरी, ग्वाटेमाला, पेरू, चिली के साथ भी शीघ्र ही व्यापार समझौते की बातचीत शुरू हो सकती है, वहीं अब भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है। इसमें कोई दोमत नहीं कि अमेरिका के टैरिफ लगाए जाने की योजना का भारत पर कोई ज्यादा असर नहीं होगा। विभिन्न नई शोध अध्ययन रिपोर्टों में यह बताया गया है कि ट्रंप की टैरिफ योजना से भारत के कुल निर्यात में महज 3 से 3.5 फीसदी गिरावट आ सकती है।

निर्यात की इस कमी को मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर दोनों से अधिक निर्यात के माध्यम से सरलतापूर्वक पूरा किया जा सकेगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत दुनिया में सबसे अधिक 6.5 से 7 फीसदी विकास दर और सर्विस एक्सपोर्ट की वैश्विक राजधानी का तमगा हासिल करते हुए मजबूत घरेलू बाजार और रिकार्ड खाद्यान्न उत्पाद की ताकत के मद्देनजर दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश भारत के साथ द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। हम उम्मीद करें कि अमेरिका के द्वारा भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने की नई चुनौती के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और नए मुक्त व्यापार समझौतों की वार्ता के दौरान शुरुआत से ही शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर प्राथमिकता के साथ बातचीत करने और द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं को शीघ्रता से अंतिम रूप देने की नई रणनीति के अच्छे परिणाम बहुत जल्द सामने आते जाएंगे और वैश्विक वैल्यू चेन में भी भारत की हिस्सेदारी बढ़ते हुए दिखाई देगी। ऐसे में भारत टैरिफ चुनौतियों के बीच अमेरिका सहित दुनिया के कोने-कोने के देशों में कारोबार की नई संभावनाओं को मुट्ठियों में लेते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए भी दिखाई देगा।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**

## राशिफल

चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया | (विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
रोजाना मेडिटेशन करना आपके लिए अच्छा रहेगा। कुछ लोगों के वेतन या पॉकेट मनी में बढ़ोतरी मिलने के संकेत हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आज आपको पढ़ाई या जरूरी प्रोजेक्ट को प्राथमिकता देने की सलह दी जाती है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आज निवेश का कोई लाभदायक अवसर आपके सामने आ सकता है। सोच समझकर और सलह के साथ ही आगे बढ़ें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आज आपका साथी कोई पुराना मुद्दा उठा सकता है, जिससे जीवन में परेशानी बढ़ सकती है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आज किसी शुभ समाचार से परिवार में खुशियां आएंगी। कुछ लोगों के लिए ट्रिप पर जाने के योग हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आज कुछ लोगों को अपनी मेहनत के लिए तारीफ मिल सकती है। अपने रिश्ते को मजबूत करने के लिए आज ही कदम उठाएं।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आज पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है। ऑफिस के दौरान सभी जरूरी रूल्स का पालन करें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए बेहतरीन अवसर नजर आ रहे हैं।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
किसी शादी या महत्वपूर्ण इवेंट में शामिल होने के लिए विदेश यात्रा का योग बन रहा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पैसों की प्रॉब्लम होने पर कोई दोस्त आपकी आर्थिक सहायता कर सकता है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आज जिसे आप पसंद करते हैं, उससे बात करने की आपकी कोशिश पूरी हो सकती है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
मौज-मस्ती भरी छुट्टियों पर कुछ जातकों का पैसा खर्च हो सकता है। डॉक्टर, वकील व बिजनेस करने वालों आज अच्छा प्रॉफिट हो सकता है।

# जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा को एनडीए नेताओं ने दी शुभकामनाएं



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा ज़िला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा के आवास पर राष्ट्रीय लोकदल के ज़िला अध्यक्ष जनार्दन भाटी, नोएडा महानगर अध्यक्ष विजेंद्र यादव और उनकी पूरी टीम ने पहुँचकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा ज़िला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) आज एक मजबूत और विश्वसनीय विकल्प बनकर देश और प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

अभिषेक शर्मा ने इस अवसर पर सभी घटक दलों के समर्थन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और एकजुट होकर सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2027 में फिर से सरकार बनने के लिए हम मिलकर काम करेंगे।

भाजपा ज़िला मीडिया प्रभारी पंडित कर्मवीर आर्य ने इस बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कदम था जिसमें सभी दलों ने मिलकर प्रदेश के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया। इस मौके पर जनार्दन भाटी जी, श्री विजेंद्र यादव जी और उनकी पूरी टीम का हार्दिक स्वागत किया गया।

# प्लास्टिक के कूलर बनाने वाली कंपनी जलकर खाक



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र में ग्राम हबीबपुर स्थित कूलर बनाने वाली ओशियन मोल्ड प्लास्ट नामक कंपनी में अचानक आग लग गई। हवा के चलते आग आस-पास की कंपनियों में भी फैल गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की 26 गाडियां ने आग पर काबू पाया। इसके साथ ही स्थानीय पुलिस व अन्य 3 थाना प्रभारी मय पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

कूलर फैक्ट्री में लगी आग के चलते आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। अन्य फैक्ट्रियों में काम करने वाले लोग सड़क पर इकट्ठे हो गए, जिन्हें पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद वहां से हटाया।

थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र में प्लास्टिक के कूलर बनाने वाली ओशियन मोल्ड प्लास्ट नामक कंपनी में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। आग के कारण चारों तरफ धुआं फैल गया और आसपास के लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी।

आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं दमकल की 26 गाड़ियां आग पर आग पर काबू पाने में जुट गई हैं। कंपनी में लगी आग का धुंआ कई किलोमीटर दूर से नजर आ रहा था।

सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल दो फायर टेंडर को आग पर काबू करने के लिये भेजा गया, लेकिन आग काफी भीषण थी। जिसे देखते हुए 6 फायर टेंडर और भेजे गये और लेकिन आग की भयावता को देख अन्य स्थानों से मिलाकर 26 फायर टेंडर बुलाये गये है।

## समाज में दहेज प्रथा और फिजूल खर्चे को खत्म करने की पहल बलराज भाटी ने की शुरुआत

### सगाई में 101 रुपए लेकर दहेज के खिलाफ एक नई मिसाल कायम की



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाज में बढ़ती दहेज प्रथा और शादी-विवाह में होने वाली फिजूल खर्ची के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने एक पहल की शुरुआत की है। उन्होंने सोमवार को अपने भतीजे डॉ. संजीव भाटी के पुत्र हर्षित भाटी की सगाई में दहेज के विरोध में 101 रुपए लेकर समाज के सामने एक नई मिसाल पेश की।

बलराज भाटी ने बताया कि दहेज जैसी कुरीतियां समाज को दीमक की तरह खोखला बना रही हैं, और इसके कारण बेटियों की हत्याएं भी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज को इस कुरीति से छुटकारा पाना चाहिए।

सोमवार को हर्षित भाटी की सगाई गाजियाबाद के रिस्तल निवासी मनोज की पुत्री तनू के साथ बहुत सादगी से सम्पन्न हुई। इस सगाई के दौरान बलराज भाटी ने बेटी के पिता से सगाई से लेकर विवाह तक दहेज के रूप में केवल 101 रुपए लेने का अनुरोध किया, जिसे समाज के सम्मानित लोगों ने सराहा और इस पहल की बड़ी प्रशंसा की।

इस अवसर पर लड़का और लड़की पक्ष के परिवार के सदस्य और समाज के सम्मानित लोग मौजूद रहे, जिन्होंने इस पहल को एक नई दिशा देने वाला कदम बताया।

# कांग्रेस नेताओं ने मुस्लिम भाइयों को दी ईद की मुबारकबाद



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दादरी में कल ईद के पर्व पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने मुस्लिम भाइयों के घर जाकर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं और ईद की मुबारकबाद दी।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी रामभरोसे शर्मा, सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष वसील अहमद, सोशल मीडिया उपाध्यक्ष नदीम प्रधान, यूथ के जिला महासचिव सलमान सिद्धकी, दादरी विधानसभा अध्यक्ष जीतू पंढित और दादरी के पूर्व नगर अध्यक्ष वाहिद सैफी ने इस अवसर पर मुस्लिम भाइयों से मिलकर पर्व की खुशी साझा की।

कांग्रेस नेताओं ने आपसी सौहार्द, स्नेह और विश्वास को मजबूत बनाने की बात की और कहा कि ऐसे पर्व समाज में भाईचारे और एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने ईद के पर्व को लेकर सभी को शुभकामनाएं दी और साथ ही समाज में प्यार और सौहार्द को बढ़ावा देने की अपील की।

सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर और ईद मुबारक कहकर इस पवित्र पर्व की खुशी को साझा किया। इस मौके पर हर ओर भाईचारे का माहौल था और ईद की खुशियों का जश्न मनाया गया।

# चार दिवसीय भारतीय नववर्ष स्वागत उत्सव उमंग 2082 का हुआ समापन



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** चार दिवसीय भारतीय नववर्ष स्वागत उत्सव 'उमंग 2082' का समापन हुआ। अंतिम दिन आयोजित समूह नृत्य प्रतियोगिता में 12 एकेडमी के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समन्वयक गुड्डी तोमर और डॉ. आरती शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जे एस एकेडमी ने प्रथम, स्वप्निल एकेडमी ने द्वितीय और भाग्यश्री एकेडमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन दुर्गेश्वरी सिंह ने किया।

उमंग उत्सव में रंगोली, मिले सुर मेरा तुम्हारा एकल और समूह गायन, मेंहदी, इंद्रधनुष, चित्रकला, एकल और समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 628 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

शिक्षक विधायक चन्द शर्मा ने सभी विजयी बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। उनका यह प्रयास बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और कला के प्रति उनके प्रेम को प्रोत्साहित करने वाला था।

समापन समारोह के बाद डॉ कुमार आदित्य के संयोजन में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख कवियों ने देशभक्ति की कविताओं का पाठ किया। मुकेश शर्मा, संदीप शजर, डॉ. ज्योति उपाध्याय, स्वदेश यादव सहित कई कवियों ने अपनी प्रभावशाली कविताओं से श्रोताओं का दिल जीत लिया।

इस मौके पर अजेय गुप्ता, ओमप्रकाश अग्रवाल, देवीशरण शर्मा, विवेक अरोड़ा, सविता शर्मा, कांति पाल, मीनाक्षी, वंदना, विनीता, बीना अरोरा, सीमा, रीना गुप्ता और संगीता सक्सैना आदि लोग शामिल रहे।

# गैंगस्टर एक्ट के तहत तीन साल में 437 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नोएडा।** कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने पिछले तीन साल में गैंगस्टर एक्ट के तहत 437 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को जब्त किया है। इस दौरान 89 गैंगस्टर एक्ट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस का कहना है कि गैंग बनाकर क्राइम करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 के बाद से पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई तेज कर दी है और 2022 से अब तक 89 मामलों में 437 करोड़ 91 लाख रुपये से अधिक की प्रॉपर्टी पुलिस ने जब्त की है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का कहना है कि गैंग बनाकर क्राइम करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी। इसके लिए पुलिस की टीम लगातार काम कर रही है। वर्ष 2022 में गौतमबुद्धनगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के 31 प्रकरणों में 59 करोड़ 15 लाख 34 हजार 669 रुपये की संपत्ति को अटैच किया। वर्ष 2023 में गैंगस्टर एक्ट के 39 प्रकरणों में 81 करोड़ 87 लाख 70 हजार 319 रुपये की संपत्ति जब्त की। वर्ष 2024 में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के सभी जोन में गैंगस्टर एक्ट के 14 प्रकरणों में 130 करोड़ 25 लाख 51 हजार 043 रुपये की संपत्ति और वर्ष 2025 में अब तक 5 प्रकरणों में 116 करोड़ 62 लाख 50 हजार 192 रुपये की संपत्ति जब्त की गई। इसके साथ ही पुलिस ने 2020 से 2024 के बीच 280 मामलों में 1365 गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। इनमें नोएडा जोन सबसे आगें रहा है। नोएडा जोन से 536 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# सेक्टर-25ए और 32ए का विवाद होगा दूर, बनेंगे होटल और मॉल

**नोएडा।** सेक्टर-25ए और 32ए में वेव ग्रुप के साथ लंबे समय से चल रहे विवाद का समझौते से हल निकालने के लिए नोएडा प्राधिकरण तैयार हो गया है। प्राधिकरण की तरफ से बिल्डर को प्रस्ताव भेज दिया गया है। प्रस्ताव में प्राधिकरण ने बिल्डर की तरफ से पूर्व में जमा की गई धनराशि को समायोजित करने के लिए 10 हजार वर्ग मीटर जमीन छोड़ने की सूचना दी है।

इसके साथ ही यह विकल्प भी दिया है कि बिल्डर अगर और भुगतान करेगा तो 98 हजार वर्ग मीटर जमीन यहां पर वह खरीद सकेगा। शर्त यह रखी गई है कि इसके बाद बिल्डर को सरेंडर डीड तैयार कर देनी होगी। यह विवाद दूर होने से इन दोनों सेक्टर का लंबे समय से रुका विकास फिर शुरू होगा। इसके साथ ही प्लानिंग कर प्राधिकरण यहां पर बड़े वाणिज्यिक प्लॉट की स्कीम लाएगा। इन प्लॉट पर मॉल और होटल बन सकेंगे।

नोएडा प्राधिकरण ने 11 मार्च 2011 को वेव मेगा सिटी सेंटर प्राइवेट लिमिटेड को सेक्टर-25ए और 32 में 6.18 लाख वर्ग मीटर जमीन आवंटित की थी। दो सितंबर 2011 को इस प्लॉट की रजिस्ट्री हुई थी। जमीन का बकाया नहीं मिलने, परियोजना पूरी नहीं होने व अन्य वजह से फंसी परियोजनाओं में जमीन का कुछ हिस्सा सरेंडर करने के लिए 15 दिसंबर 2016 को प्रोजेक्ट सेटलमेंट पॉलिसी आई थी। वेव बिल्डर पर नोएडा प्राधिकरण का काफी बकाया हो गया था। बकाया जमा नहीं कर पाने की स्थिति में वेव बिल्डर ने 10 जनवरी 2017 को स्कीम के तहत जमीन का कुछ हिस्सा सरेंडर करने के लिए प्राधिकरण में आवेदन किया था। प्राधिकरण ने आवेदन स्वीकार करते हुए प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया। बिल्डर ने करीब 1.64 लाख वर्ग मीटर जमीन सरेंडर कर दी थी। उस समय तक बिल्डर की तरफ से प्राधिकरण में 1469.74 करोड़ रुपये जमा कर दिए थे। इसके बाद बिल्डर के प्राधिकरण पर 603.49 करोड़ रुपये बकाया रह गए थे। प्राधिकरण ने वर्ष 2021 में 1.08 लाख वर्ग मीटर जमीन का आवंटन निरस्त कर दिया। प्राधिकरण की इस कार्रवाई के खिलाफ बिल्डर ने शासन में अपील की।

## पृष्ठ एक के शेष....

**हिंदुओं से सीखो...**

या ऐसे कोई भी आयोजन बदतमीजी का माध्यम नहीं बनने चाहिए। अगर सुविधा चाहिए तो अनुशासन का पालन करना भी सीखो।

वक्फ (संशोधन) विधेयक पर एक सवाल का जवाब देते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुधार समय की मांग है। उन्होंने कहा, %हर अच्छे काम का विरोध होता है। इसी तरह वक्फ संशोधन विधेयक पर भी हंगामा हो रहा है। जो लोग इस मुद्दे पर हंगामा कर रहे हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं। क्या वक्फ बोर्ड ने कोई कल्याण किया है? सब कुछ छोड़िए, क्या वक्फ ने मुसलमानों का भी कोई कल्याण किया है? वक्फ निजी स्वार्थ का केंद्र बन गया है। यह किसी भी सरकारी संपत्ति पर जबरन कब्जा करने का माध्यम बन गया है और सुधार समय की मांग है। हर सुधार का विरोध किया जाता है। देश, काल और परिस्थिति के अनुसार हमें ऐसे सुधारों के लिए तैयार रहना चाहिए। मुझे लगता है कि वक्फ कानून में संशोधन का मुस्लिम समाज को ही सर्वाधिक लाभ होगा।% मुख्यमंत्री योगी का यह इंटरव्यू मीडिया में सुर्खियां बना हुआ है।

**सेक्टर-18 की...**

लोगों की हालत नाजुक है। हालांकि प्रशासन ने अभी इस मामले में कोई बयान नहीं दिया है।

**नोएडा प्राधिकरण...**

पानी का प्रयोग किया जाता है। इसके अलावा शहर में जलापूर्ति मांग 415 एमएलडी के सापेक्ष 6 रेनीवेल जो अक्रियाशील थे। उनको विकास कार्य दोबारा से करवाकर 5 रेनीवेल को ठीक किया गया। इससे मिलने वाली पानी का टीडीएस करीब 240 से 400 तक है। इससे 120 एमएलडी पानी मिल रहा है। इसके अलावा बाकी 240 एमएलडी गंगाजल और शेष ट्यूबवेल पानी का प्रयोग किया जा रहा है।

**सेक्टर-17 पहुंचे....**

अशोक मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष जगुराज चौहान, धर्मेन्द्र गुप्ता, विनोद शर्मा, मंडल अध्यक्ष शशिधर उपाध्याय समेत कई नेता मौजूद थे। इस दौरान डॉ. महेश शर्मा से उन्होंने कई मुद्दों पर अनौपचारिक वार्ता की।

**अपार्टमेंट के बाहर...**

की कोशिश की लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ा। पीड़ित के मुताबिक उसने इसकी सूचना पास ही में स्थित गढ़ी चौखंडी पुलिस चौकी पर भी की पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

**दिल्ली-नोएडा में वांछित...**

तो हड़बड़ी में युवक की बाइक फिसल कर गिर गई। इसके बाद पुलिस ने उसे चारों तरफ से घेर लिया। खुद को घिरा देखकर बाइक सवार ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी और वह घायल हो गया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने घायल बदमाश को दबोच लिया।

एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश की पहचान सोहन सिंह उर्फ सोनू पुत्र अवतार सिंह निवासी त्रिलोकपुरी दिल्ली के रूप में हुई। इसके पास से चोरी की एक बाइक तमंचा, कारतूस, 8500 रुपए तथा पांच मोबाइल फोन बरामद हुए। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भेजा गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए सोहन सिंह उर्फ सोनू पर नोएडा दिल्ली के विभिन्न थानों में करीब 16 मुकदमे पंजीकृत हैं। इसके अन्य आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 पुलिस द्वारा पूर्व में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई थी। पकड़ा गया बदमाश चोरी व छिनेती की वारदातों को अंजाम देता था।

**चोरी के मोबाइल...**

गए बदमाशों ने अपने नाम दीपक भाटी पुत्र रामवीर भाटी निवासी ग्राम समाधिपुर व दक्ष उर्फ कप्तान पुत्र विनोद जाटव निवासी ग्राम आमका थाना दादरी बताया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वह सुनसान जगह पर लोगों को रोककर उन्हें चाकू का भय दिखाकर मोबाइल फोन छीन लेते थे। इसके अलावा वह मोबाइल फोन चोरी करने की घटनाओं को भी अंजाम देते हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है।




दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# आईपीएल : लखनऊ को पहली जीत की तलाश, आज पंजाब देगा चुनौती

एजेंसी ▶▶| लखनऊ


लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मंगलवार को यहां जब फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स की मेजबानी करेगी। नए कप्तान ऋषभ पंत की नजरें अच्छा प्रदर्शन करने और टीम को घरेलू मैदान पर सत्र की पहली जीत दिलाने पर टिकी होंगी।

पिछले साल नीलामी में आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने पंत शुरुआती दो मैच में बल्लेबाज के तौर पर नाकाम रहने के बाद 27 करोड़ रुपए की अपनी मोटी कीमत को सही साबित करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पंत शुरुआती दो मैच में शून्य और 15 रन की पारियां ही खेल पाए हैं। यह आक्रामक भारतीय खिलाड़ी रन बनाकर अपने अपने आलोचकों को चुप कराने के लिए बेताब होगा।



## सबसे महंगे खिलाड़ियों के बीच होगा मुकाबला

पहली बार पंत का सामना दिल्ली कैपिटल्स के अपने पूर्व कोच रिकी पोंटिंग से होगा जो इस सत्र में पंजाब किंग्स में शामिल हुए हैं। यह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे और दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होगा जिसमें श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स की अगुआई करेंगे। आईपीएल नीलामी में 26.75 करोड़ रुपये में बिके। अय्यर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 42 गेंद पर नाबाद 97 रन बनाकर मैच जिताने वाली पारी खेली। आईपीएल विजेता कप्तान अय्यर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना पसंद करते हैं और इसी लय को जारी रखना चाहेंगे।




## लय में पंजाब की टीम

शशांक सिंह ने पिछले सत्र की शानदार लय बरकरार रखी है जबकि प्रियांश आर्य ने आईपीएल पदार्पण करते हुए पंजाब के लिए 23 गेंद में 47 रन बनाकर अपने करियर की धमाकेदार शुरुआत की। भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे मध्यम गति के गेंदबाज विजयकुमार वैशाख ने पंजाब के लिए प्रभावी गेंदबाजी की है। इकाना स्टेडियम की पिच गेंदबाजों, विशेषकर स्पिनरों और धीमी गति के गेंदबाजों के अनुकूल है और दोनों टीम के स्पिनर मैच के नतीजे में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

खास खबर

## रॉयल्स कप्तान पराग पर 12 लाख रुपए का जुर्माना



गुवाहाटी। राजस्थान रॉयल्स के कार्यवाहक कप्तान रियान पराग पर यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स पर अपनी टीम की छह रन की जीत के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। रॉयल्स ने नौ विकेट पर 182 रन बनाने के बाद सुपरकिंग्स को छह विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। आईपीएल ने कहा, 'यह न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के नियम 2.22 के तहत उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।' टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली रॉयल्स की टीम अब पांच अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

## स्ट्राइक रेट बेहतर करना चाहता हूं




नई दिल्ली। अफगानिस्तान और पंजाब किंग्स के हरफनमौला अजमतुल्लाह उमरजई वनडे प्रारूप में मिली सफलता को टी20 में दोहराना चाहते हैं और उसके लिये वह अपनी रफ्तार के साथ बल्लेबाजी स्ट्राइक रेट पर भी मेहनत कर रहे हैं। पिछले 12 महीने उमरजई के लिये बेहतरीन रहे जिसमें उन्हें आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर का पुरस्कार मिला। यह पुरस्कार पाने वाले वह अफगानिस्तान के पहले खिलाड़ी हैं। वह आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष हरफनमौला भी हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 31 गेंद में 41 रन बनाए और पांच विकेट लिए जिसके दम पर उनकी टीम ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

## धोनी के घुटने में चोट, 10 ओवर बल्लेबाजी मुश्किल : फ्लेमिंग



गुवाहाटी। चेन्नई सुपरकिंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने खुलासा किया कि महेंद्र सिंह धोनी पूरी ताकत से 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते क्योंकि उनके घुटने में समस्या है और यह पूर्व कप्तान मैच की स्थिति के आधार पर अपना बल्लेबाजी क्रम तय करता है। पिछले सप्ताह चेपक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सुपरकिंग्स की 50 रन की हार के दौरान नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए 43 वर्षीय धोनी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। रविवार को धोनी ने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी की जब सुपरकिंग्स को 25 गेंद पर 54 रन की जरूरत थी लेकिन वह 11 गेंद पर सिर्फ 16 रन ही बना सके और टीम को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह रन से हार का सामना करना पड़ा। फ्लेमिंग ने कहा, 'यह समय की बात है। धोनी इसका आकलन करते हैं। उनका शरीर, उनके घुटने पहले जैसे नहीं हैं। वह ठीक से मूव कर रहे हैं लेकिन इसमें पोषण संबंधी पहलू भी है। वह पूरी ताकत के साथ 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| कोलकाता | 3 | 1 | 2 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

आईपीएल गत चैंपियन कोलकाता को आठ विकेट से हराया

# मुंबई की पहली जीत, अश्वनी डेब्यू मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस ने गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को सोमवार को आईपीएल के मैच में आठ विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। पंजाब के 23 वर्ष के अश्वनी कुमार ने आईपीएल में पदार्पण मैच खेलते हुए 24 रन देकर चार विकेट लिए। मुंबई ने इस सत्र में पहली बार वानखेड़े स्टेडियम पर खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को 16.2 ओवर में 116 रन पर आउट कर दिया जो इस सत्र में उसका न्यूनतम स्कोर है। अश्वनी आईपीएल में पहले ही मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन गए। अश्विनी डेब्यू मैच में पहली गेंद पर विकेट चटकाने वाले आईपीएल इतिहास के 10वें गेंदबाज बने।

जवाब में इस सत्र में मुंबई से जुड़े दक्षिण अफ्रीका के रियान रिकेलटन ने 41 गेंद में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 62 रन बनाकर मेजबान टीम को 12.5 ओवर में ही दो विकेट खोकर 121 रन तक पहुंचा दिया। यह इस सत्र में मुंबई की पहली जीत है जिसे पहले दो मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा। सूर्यकुमार यादव नौ गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 27 रन बनाकर नाबाद रहे। रोहित शर्मा 13 और विल जैक्स 16 रन बनाकर आंद्रे रसेल का शिकार हुए। इस जीत के साथ पांच बार की चैंपियन मुंबई टीम सबसे निचले स्थान से तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और उसका नेट रनरेट भी 0.309 हो गया।



### डेब्यू सुनकर भूख नहीं लगी

अश्विनी कुमार ने कहा, "मुझे बहुत अच्छा लगा, दबाव तो था लेकिन टीम के माहौल ने मुझे शांत रहने में मदद की। मैंने आज लंच नहीं किया, मैंने सिर्फ केला खाया, थोड़ा दबाव था इसलिए मुझे भूख नहीं लगी। मैंने थोड़ी योजना बनाई, टीम मैनेजमेंट ने मुझसे कहा कि यह मेरा डेब्यू मैच है इसलिए इसका लुत्फ उठाओ और अपनी स्किल पर ध्यान दो। कप्तान ने भी अपनी भूमिका निभाई, हार्दिक भाई ने मुझे विकेट पर गेंद डालने को कहा। गांव में हर कोई मुझे खेलते हुए देख रहा होगा, मुझे आज मौका मिला और मैं बहुत खुश हूं।/"

### 4 विकेट लेकर रचा इतिहास

अश्विनी कुमार ने 3 ओवर गेंदबाजी की और 8 की इकोनॉमी से 24 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने चौथे ओवर की पहली गेंद पर अजिंक्य रहाणे को तिलक वर्मा के हाथों कैच आउट कराया। 11वें ओवर में अश्विनी कुमार को 2 सफलताएं मिलीं। तीसरी गेंद पर उन्होंने रिंकू सिंह को और छठी गेंद पर उन्होंने मनीष पांडे को पवेलियन भेजा दिया। 13वें ओवर में अश्विनी कुमार ने आंद्रे रसेल की गिल्लियां बिखेर दीं। इसे साथ ही अश्विनी आईपीएल डेब्यू में 4 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने।



### अश्विनी डेब्यू मैच में पहली गेंद पर विकेट चटकाने वाले आईपीएल इतिहास के 10वें गेंदबाज

### डेब्यू पर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

| प्रदर्शन | खिलाड़ी | वर्ष |
|---|---|---|
| 6/12 | अल्जारी जोसेफ | 2019 |
| 5/17 | एंड्रयू टाई | 2017 |
| 4/11 | शोएब अख्तर | 2008 |
| 4/24 | अश्विनी कुमार | 2025* |
| 4/26 | केवोन कूपर | 2012 |
| 4/33 | डेविड विजे | 2015 |

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का अश्वनी बो चाहर | 01 | 03 | 0 | 0 |
| सुनील नारायण बो बोल्ट | 00 | 02 | 0 | 0 |
| रहाणे का वर्मा बो अश्वनी | 11 | 07 | 1 | 1 |
| रघुवंशी का धीर बो पंड्या | 26 | 16 | 3 | 1 |
| वेंकटेश का रिकेलटन बो चाहर | 03 | 09 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह का धीर बो अश्वनी | 17 | 14 | 1 | 1 |
| मनीष पांडे बो अश्वनी | 19 | 14 | 2 | 1 |
| आंद्रे रसेल बो अश्वनी | 05 | 11 | 1 | 0 |
| रमनदीप का पंड्या बो सेंटनेर | 22 | 12 | 1 | 2 |
| हर्षित राणा का धीर बो पुथुर | 04 | 08 | 0 | 0 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, योग : 16.2 ओवर में 116/10

गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-23-1, चाहर 2-0-19-2, अश्वनी 3-0-24-3, पंड्या 2-0-10-1, पुथुर 2-0-21-1, सेंटनेर 3.2-0-17-1.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का राणा बो रसेल | 13 | 12 | 0 | 1 |
| रियान रिकेलटन नाबाद | 62 | 41 | 4 | 5 |
| जैक्स का रहाणे बो रसेल | 16 | 17 | 0 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 27 | 09 | 3 | 2 |

अतिरिक्त : 03, योग : 12.5 ओवर में 121/2

गेंदबाजी : जॉनसन 2-0-14-0, राणा 2-0-28-0, चक्रवर्ती 3-0-12-0, रसेल 2.5-0-35-2, नारायण 3-0-32-0.

खास खबर

### सिल्वा लगातार चौथी बार बने एसएलसी अध्यक्ष

कोलंबो। शम्मी सिल्वा को सोमवार को यहां 64वीं वार्षिक आम सभा में श्रीलंका क्रिकेट का फिर से अध्यक्ष चुना गया। एसएलसी ने कहा कि उन्हें 2025-27 के कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुना गया। यह अध्यक्ष के रूप में उनका लगातार चौथा कार्यकाल है और तीसरी बार उन्हें निर्विरोध चुना गया है।सिल्वा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के वर्तमान प्रमुख भारत के जय शाह के सहयोगी के रूप में देखा जाता है। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में शाह की जगह ली थी। सिल्वा का कार्यकाल 2023 में तत्कालीन खेल मंत्री रोशन राणासिंघे के साथ उनके टकराव से प्रभावित रहा था।



### वनडे नहीं टी20 श्रृंखला खेलेंगे पाक-बांग्लादेश

कराची। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने एशिया कप और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला की जगह मई में पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने पर सहमति जताई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि दोनों बोर्ड को लगा कि दो बड़ी टी20 प्रतियोगिताओं को देखते हुए लंबी टी20 श्रृंखला खेलना अधिक समझदारी भरा है और इससे दोनों टीम को अपने युवा खिलाड़ियों को अनुभव देने का मौका मिलेगा।

### बैसाखी के सहारे चल रहे द्रविड़ से ऐसे मिले धोनी

गुवाहाटी। आईपीएल 2025 के 11वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह रन से हरा दिया। इस जीत के बाद आरआर के कोच राहुल द्रविड़ बेहद खुश दिखे। यह राजस्थान की इस सीजन की पहली जीत थी। मैच के बाद द्रविड़ बैसाखी के सहारे चलते हुए मैदान पर आए। वहीं, महेंद्र सिंह धोनी टीम इंडिया के अपने पूर्व साथी को इस हालत में देखकर खुद को रोक नहीं सके। वह द्रविड़ के पास पहुंचे और उनसे हाथ मिलाया। फिर उन्होंने पैर की ओर इशारा उनसे इसके पीछे की वजह भी पूछी। दोनों ने काफी देर तक बात भी की। आखिर में द्रविड़ ने धोनी की पीठ थपथपाई और धोनी वहां से चले गए।

नेशंस लीग फुटबॉल

## जोकोविच के 100वें खिताब का सपना टूटा, याकुब बने चैंपियन



एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

चेक गणराज्य के किशोर खिलाड़ी याकुब मेनसिक ने सोमवार को यहां नोवाक जोकोविच को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल का खिताब जीता जो उनका पहला एटीपी खिताब है।

मैच साढ़े पांच घंटे से अधिक के विलंब से शुरू हुआ जबकि बारिश के बाद काफी अधिक उमस के कारण कोर्ट पर फिसलन भी थी। इसके अलावा जोकोविच की आंख में भी संक्रमण था। मेनसिक ने जोकोविच के खिलाफ 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की और सर्बिया के 37 वर्षीय खिलाड़ी के 100वें एटीपी खिताब के इंतजार को बढ़ा दिया।

दुनिया के 54वें नंबर के खिलाड़ी मेनसिक ने 14 ऐस लगाए और सिर्फ एक बार अपनी सर्विस गंवाई। चेक गणराज्य के खिलाड़ी ने मैच प्वाइंट पर सर्विस विनर के साथ खिताब अपने नाम किया।

## लेवानडोवस्की के दो गोल से जीता बार्सिलोना, मैड्रिड पर बनाई बढ़त



मैड्रिड। बार्सिलोना ने रविवार रात को यहां गिरोना को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग के शीर्ष पर रियाल मैड्रिड पर एक बार फिर तीन अंक की बढ़त बना ली। रोबर्ट लेवानडोवस्की ने दूसरे हाफ में दो गोल करके बार्सिलोना की जीत में अहम भूमिका निभाई। लेवानडोवस्की ने अपने पिछले नौ लीग मैच में नौ गोल किए हैं और प्रतियोगिता में उनके कुल 25 गोल हैं जो मैड्रिड के काइलियान एमबापे से तीन अधिक हैं। बार्सिलोना ने पहले हाफ में गिरोना के डिफेंडर लादिस्लाव क्रेज्सी के आत्मघाती गोल से बढ़त बनाई थी। टीम की ओर से चौथा गोल फेरान टोरेस ने किया। गिरोना की ओर से एकमात्र गोल दूसरे हाफ में आर्नोट डेनजुमा ने किया। शनिवार को मैड्रिड ने लेगानेस को 3-2 से हराकर बार्सिलोना के समान अंक कर लिए थे।

## राणा की पारी शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी थी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने नितीश राणा की प्रशंसा करते हुए उनकी 36 गेंद में 81 रन की पारी को 'शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी' कहा और चेन्नई सुपरकिंग्स पर छह रन की जीत का श्रेय राजस्थान रॉयल्स के क्षेत्ररक्षण को भी दिया। नितीश ने आक्रामक पारी खेली जिससे रॉयल्स ने नौ विकेट पर 182 रन बनाए और फिर सुपरकिंग्स को छह विकेट पर 176 रन पर रोककर सत्र की पहली जीत दर्ज की। वानिंदु हसरंगा के चार विकेट और कार्यवाहक कप्तान रियान पराग का शिवम दुबे का एक हाथ से शानदार कैच लपकने सहित टीम के बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने जीत में अहम भूमिका निभाई।



# बिहार के राजगीर में होगा पुरुष हॉकी एशिया कप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पुरुषों के एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन राजगीर में 29 अगस्त से सात सितंबर के बीच किया जाएगा जो बेल्जियम और नीदरलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए जाने वाले 2026 एफआईएच विश्व कप का क्वालीफायर भी होगा।

बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर को महिलाओं की एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के सफल आयोजन के बाद मेजबानी के अधिकार दिए गए हैं। टूर्नामेंट का विजेता सीधे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा जिससे प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है। महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें सत्र में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन और मलेशिया सहित आठ टीम हिस्सा लेंगी। शेष दो टीम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता एएचएफ कप के जरिए अपना स्थान सुरक्षित करेंगी।



राजगीर को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के आयोजन स्थल के रूप में अंतिम रूप देने के लिए हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच सोमवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

## रोहित को प्लेइंग-11 में नहीं मिली जगह

मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस की प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली है। रोहित का नाम इम्पैक्ट प्लेयर की लिस्ट में शामिल है और इस बात की प्रबल संभावना है कि वह इसी भूमिका में उतरेंगे। मुंबई ने केकेआर के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम पर खेले जा रहे मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। टॉस से पहले रोहित टीम हडल में बात करते नजर आए थे। इससे पहले सीएसके के खिलाफ भी रोहित का इस्तेमाल इम्पैक्ट सब के तौर पर किया गया था। हालांकि, उस मैच में रोहित प्लेइंग-11 का हिस्सा थे, लेकिन फील्डिंग के दौरान रोहित की जगह विग्नेश पुथुर को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर लाया गया था।



16 साल की उम्र में अंडर-19 विश्व कप टीम के थे सदस्य

# अनदेखी के बाद जीशान ने आईपीएल में छोड़ी छाप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जीशान अंसारी 2016 में 16 साल की उम्र में भारतीय अंडर-19 विश्व कप टीम के सबसे कम उम्र के सदस्य थे जिस टीम के कई सदस्यों ने बाद में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। ऋषभ पंत, ईशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, सरफराज खान, आवेश खान और खलील अहमद जहां अगले स्तर पर पहुंचने के लिए प्रयास कर रहे थे तो वहीं जीशान गुमनामी में खो गए। तब से उन्होंने उत्तर प्रदेश के लिए सिर्फ पांच रणजी ट्रॉफी मैच और एक सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मुकाबला खेला है। लखनऊ के हजरतगंज का यह लेग स्पिनर उस टीम में आकर्षण का केंद्र नहीं था जिसके छह खिलाड़ियों ने बाद में विभिन्न प्रारूप में भारत की सीनियर टीम की ओर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला। वर्षों की गुमनामी के बाद रविवार की दोपहर अब 25 वर्षीय और बेहतर कद-काठी वाले अंसारी ने आईपीएल में पदार्पण करते हुए फाफ डु प्लेसिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क और लोकेश राहुल जैसे उम्दा बल्लेबाजों को आउट किया लेकिन उनकी टीम सनराइजर्स को हार का सामना करना पड़ा। जीशान गेंद को फ्लाइट करने से नहीं डरते और इससे पूर्व अंडर-19 भारतीय चयनकर्ता और उत्तर प्रदेश के दिग्गज ज्ञानेंद्र पांडे उस समय प्रभावित हुए थे। उन्हें जूनियर राष्ट्रीय टीम के लिए चुना गया था।



### यूपी राज्य ने नहीं दिया मौका

भारत के लिए 1999 में दो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले पांडे ने कहा, 'उसे ईद से पहले ईदी मिल गई। वह काफी कड़ी मेहनत करने वाला गेंदबाज है। मैं इस बात में नहीं पड़ना चाहता कि उन्होंने इतने वर्षों में घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए अधिक मैच क्यों नहीं खेले लेकिन वह मेरठ मैवरिक्स के लिए यूपी टी20 लीग में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे और इसी कारण सनराइजर्स हैदराबाद के स्काउट्स ने उन्हें चुना।' हजरतगंज में एक दर्जी के बेटे जीशान ने पांच रणजी मैच में 17 विकेट लिए जो कि शानदार प्रदर्शन तो नहीं हैं लेकिन फिर भी 2020 से किसी भी प्रारूप में मौका नहीं मिलने से सवाल उठ सकते हैं।



# आसान तरीके से चढ़ेगा मेहंदी का रंग गहरा

महिलाएं 16 श्रंगार करती है, सजती - संवरती है। उन्हीं में से मेहंदी भी श्रंगार का ही हिस्सा है। इसके बिना तीज त्योहार या किसी भी प्रकार का पर्व पूरा नहीं होता है। लेकिन बदलते दौर में मेहंदी के रंग भी फीके पड़ने लगे हैं। कुछ नुस्खें है जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेहंदी का रंग गहरा कर सकती हो। तो आइए जानते हैं 5 आसान से टिप्स -

- मेहंदी को घोलते समय उसमे में सादा पानी नहीं मिलाते हुए चाय की पत्ती का पानी डालें। इसे बनाने के लिए तपेली में एक कप पानी रखें, उसमे पत्ती डाल दें। पानी को थोड़ी देर उबाल लें और ठंडा होने के बाद उससे मेहंदी घोल लें।
- मेहंदी घोलने से पहले मेहंदी में ही तेल डाल दें। इससे मेहंदी का कलर एक जैसा आता है। वहीं मेहंदी हल्की सी सुख जाने के बाद एक कटोरी में पानी लेकर उसमें शक्कर डाल दें। इसके बाद रूई की मदद से मेहंदी पर लगाएं। कलर अच्छा आएगा।
- मेहंदी सूखने के बाद आप रूई की मदद से अचार का तेल भी लगा सकते हैं। इससे मेहंदी का कलर खूब जमेगा।
- मेहंदी सूखने के बाद आप इसे हटा देते हैं, और लेकिन पानी से हाथ नहीं धोएं। इसके पहले थोड़ी देर के लिए घरेलू बाम का इस्तेमाल करें। अपने हाथों पर हल्के हाथों से लगा लें। ध्यान रहे उंगलियों के पोरस पर नहीं लगाएं। ताकि गलती से आंख में नहीं लग जाएं।
- मेहंदी सूखने के बाद रूई की मदद से हल्के हाथों से मेहंदी का तेल लगा लें। इसके बाद करीब 3 घंटे तक हाथों पर पानी नहीं लगाएं। फिर देखिए कितना गहरा रंग आता है।





# बच्चे को सारी सुविधाएं देने के साथ-साथ उन पर निगरानी

प्रतिस्पर्धा और दिखावे के मौजूदा दौर में अभिभावकों की इच्छा होती है कि उनका बच्चा किसी भी मामले में कम न रहे। इसके चलते वे अपनी संतानों को सहूलियत, पढ़ाई और 'ज़माने के साथ चलने' के नाम पर विभिन्न चीजें प्रदान करते हैं, कई बार तो सामर्थ्य से भी बढ़कर। वैसे तो कोई भी वस्तु या सुविधा अपने आप में बुरी नहीं होती, लेकिन दो सिद्धांत यह निर्धारित कर सकते हैं कि वह लाभदायक होगी या हानिकारक। बच्चों पर मोबाइल फोन, गाड़ी, इंटरनेट कनेक्शन, ओटीटी सब्सक्रिप्शन, क्रेडिट कार्ड आदि सुविधाओं के असर का आकलन इन पैमानों पर किया जा सकता है कि उसे फ़ायदे की जगह नुक़सान तो नहीं हो जाएगा और माता-पिता के लिए अप्रिय स्थिति तो पैदा नहीं हो जाएगी।


कई बार काम में व्यस्त माता-पिता छोटे बच्चों को बहलाए रखने या मनोरंजन के लिए मोबाइल फोन थमा देते हैं। इस उम्र में मोबाइल का चमकता स्क्रीन बच्चे की आंखों पर स्थायी रूप से बुरा असर छोड़ सकता है। इसके अलावा, उसके सामाजिक समायोजन और भाषा के विकास पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। स्क्रीन की हलचल और किरदारों की नाटकीयता के चलते भावनाओं का प्रदर्शन और एकाग्रता भी प्रभावित होती है। **इस दौरान भले ही बच्चा शांत बैठा रहे, पर यह उसके शारीरिक विकास को अवरुद्ध करता है। हर बार मोबाइल थमा दिए जाने से उसमें ज़िद करने और अपनी बात मनवाने की प्रवृत्ति बढ़ जाती है।**

## 6-12 वर्ष

इस उम्र के पढ़ाई के नाम पर मोबाइल फोन **और इंटरनेट की सुविधा दी जाने लगी है।** वैसे तो कोरोना के ऑनलाइन दौर में यह मजबूरी थी, परंतु अब इसकी कोई आवश्यकता नहीं लगती। विशेषज्ञ कहते हैं कि बढ़ते बच्चों को इंटरनेट पर फटाफट सर्च करके पके-पकाए नतीजे हासिल करने के बजाय मेहनत करके किताबों में खोजने की आदत डालनी चाहिए। इससे उनकी बुनियाद मज़बूत होगी। यही वजह है कि तमाम कैलकुलेटर उपलब्ध होने के बावजूद बच्चों से गणित का अभ्यास कराया जाता है और तथ्य याद कराए जाते हैं। इस उम्र में इंटरनेट की अधिक मदद लेने से परिश्रम करने, दिमाग़ लगाने, चीज़ों को समझने की प्रवृत्ति कम हो जाती है, आंखों को नुक़सान पहुंचता है सो अलग। दूसरी तरफ़, मोबाइल गेम, सोशल मीडिया और विभिन्न तरह के वीडियो देखने की लत भी लग सकती है। समझ के अभाव में कई बार बच्चे ऑनलाइन ग़लत लोगों से दोस्ती कर लेते हैं और साइबर बुलिंग या धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। स्क्रीन टाइम की अधिकता उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। इससे बच्चों में नींद और एकाग्रता की कमी भी देखी जाती है।

## 13-18 वर्ष

**किशोरवय के इस दौर में अभिभावकों को बच्चे की ज़रूरत के साथ-साथ उसके शौक़, फ़ैशन और पीयर प्रेशर का ध्यान भी रखना होता है। इस उम्र में मोबाइल फोन और इंटरनेट के अलावा दुपहिया वाहन, स्मार्टवॉच जैसी चीज़ें भी दिलाई जाने लगी हैं। इस समय इंटरनेट की सीमित ज़रूरत हो सकती है, लेकिन बड़ों की निगरानी में और सिर्फ़ पढ़ाई के उद्देश्य से।** ऐसा न हो तो इंटरनेट के असीमित उपयोग से बच्चा वास्तविक और काल्पनिक दुनिया में अंतर नहीं रख पाएगा और संभव है कि वास्तविक दुनिया से उसका संपर्क कट जाए। अभिभावकों की निगरानी न होने पर ऑनलाइन गेम, अनजान लोगों से दोस्ती, पोर्न की लत जैसे बड़े ख़तरे भी हो सकते हैं। जहां तक स्मार्टवॉच जैसी सुविधा का सवाल है, तो वह स्कूल में भी ध्यान भटकाएगी और स्मार्टफोन से लगातार जोड़े रखेगी, जिसका कोई लाभ नहीं है। उन्हें वाहन देना भी जोखिम भरा हो सकता है, क्योंकि इस उम्र में रोमांच की चाह तो होती है, पर निर्णय क्षमता गतिविधियों के नतीजों की समझ पूर्ण विकसित नहीं होती। एक अध्ययन का निष्कर्ष है कि वयस्कों की तुलना में किशोरवय वाहन चालकों से दुर्घटना की आशंका चार गुना अधिक होती है।



## 18 वर्ष से अधिक

इस उम्र में बच्चे पढ़ाई के लिए कई बार अपने घर से दूर भी जाकर रहते हैं, इसलिए मोबाइल फोन, इंटरनेट, गाड़ी के साथ-साथ क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधा भी ज़रूरी लगने लगती है। हालांकि इनसे पूरी तरह वंचित नहीं किया जा सकता, लेकिन उपयोग को सीमित अवश्य किया जाना चाहिए। जैसे, क्रेडिट की एक लिमिट होनी चाहिए और उसे अभिभावक के फोन नंबर से लिंक्ड होना चाहिए, ताकि हर ख़र्च की जानकारी उन तक पहुंचे। वाहन भी दिखावे के बजाय आवागमन में सुविधा के लिए ख़रीदा जाना चाहिए।

### बदलाव ऐसे लाएं

अक्सर देखा गया है कि जब बच्चे सुविधाओं का दुरुपयोग करने लगते हैं तो अभिभावक उनसे वह सब वापस ले लेते हैं। इससे बच्चे विद्रोही भी हो जाते हैं। ऐसे मामलों में माता-पिता इन बातों का ध्यान रखें-

- माता-पिता पहले बच्चों के साथ बातचीत करें और उन्हें समझाएं कि इस सुविधा को कम करने या वापस लिए जाने की आवश्यकता क्यों है।
- नियम बनाएं कि छोटे बच्चे मोबाइल फोन का इस्तेमाल अभिभावक की निगरानी में ही करेंगे और जिस काम से मोबाइल लिया गया है, उसी तक सीमित रहेंगे।
- ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नकारात्मक और हिंसक कार्यक्रमों के लिए हतोत्साहित करें। ओटीटी प्लेटफॉर्म, सर्च इंजन, वीडियो आधारित सोशल मीडिया पर रिस्ट्रिक्टेड मॉड का उपयोग करके अनुचित वेबसाइट/की-वर्ड्स को अवरुद्ध किया जा सकता है।
- कोई भी चीज़ या सुविधा कभी भी सज़ा के तौर पर वापस ना लें।
- बच्चों से यह स्पष्ट कर दें कि प्राइवेसी के नाम पर असीमित छूट नहीं दी जाएगी। **ख़ासतौर पर सोशल मीडिया पर माता-पिता फ्रेंडलिस्ट में रहेंगे और आवश्यक होने पर फ्रेंड्स के बारे में जानकारी भी लेंगे।**
- **सही तरीक़े से सुविधाओं का उपयोग करने पर माता-पिता बच्चों की प्रशंसा भी करें।**
- **हर सुविधा के उपयोग के लिए एक उपयुक्त समय सीमा निर्धारित करें।** बच्चों के साथ-साथ माता-पिता भी अपने लिए सभी सुविधाओं के उपयोग का समय निश्चित रखें।
- बच्चों को सही और ग़लत में अंतर करना सिखाएं तथा उन्हें समय-समय पर नैतिक मूल्यों से अवगत कराएं।



# समर सीजन में जरूर ट्राई करें ये आउटफिट्स

**समर सीजन के हिसाब से अपने वार्डरोब को अपडेट करने का टाइम आ गया है। गर्मियों के हिसाब से हम आपको ऐसे ड्रेसिंग टिप्स दे रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप स्टाइलिश दिख सकती हैं। साथ ही अगर आपने इन आउटफिट्स को कभी ट्राई नहीं किया है, तो यह समर आपके फैशन स्टेटमेंट को बदलने के लिए सबसे परफेक्ट है।**

### टाइअप, वाइड, हाइ वेस्ट ट्राउजर्स

इस साल टाइअप ट्राउजर्स का जबर्दस्त चलन देखने को मिला, ऐसे में आप कलरफुल टाइअप ट्राउजर के साथ स्टाइलिश नजर आ सकती हैं। सबसे खास बात यह है कि यह लुक आप ऑफिस के साथ कैजुअली भी कैरी कर सकती हैं।

### प्लीटेड स्कर्ट

प्लीटेड स्कर्ट पहनने में काफी आरामदायक होने के साथ आपको क्लासी लुक देती है।आप शर्ट के साथ भी प्लीटेड स्कर्ट पहन सकती हैं, वहीं ट्रिप पर जाते हुए आप आप टीशर्ट के साथ भी इसे पहन सकती हैं।

### स्ट्रिप ड्रेस

**स्ट्रिप वाली ड्रेस पहले ऑफिस लुक के लिए सबसे अच्छी मानी जाती थी लेकिन बदलते वक्त में स्ट्रिप ड्रेस को डेनिम शॉर्ट के साथ भी कैरी किया जाने लगा। इस साल भी यह फैशन ट्रेंड लोगों के बीच काफी पॉपुलर हुआ।**

### सीक्वेन साड़ी

हम ड्रेसेस की चर्चा कर रहे हो और सीक्वेन साड़ी के बारे में बात न हो, यह कैसे हो सकता है।ऐसे में सीक्वेन साड़ी को आप पार्टी में ट्राई कर सकते हैं। यह काफी खूबसूरत नजर आती हैं।

### रफल

इस साल रफल लुक का बोलबाला रहा। बॉलीवुड सेलिब्रिटीज ने रफल साड़ी, रफल टॉप, रफल ब्लाउज सोशल मीडिया पर जमकर फ्लॉन्ट किया। आप आने वाले साल में यह स्टाइल भी कैरी कर सकती हैं।





# सही डेवलपमेंट और ग्रोथ के लिए बच्चे को उसकी उम्र के हिसाब से खाना खिलाएं

**सही डेवलपमेंट और ग्रोथ के लिए बच्चे को अच्छी डाइट की जरूरत होती है। अगर आप बच्चे को उसकी उम्र के हिसाब से खाना खिलाएं, तो इससे उसके विकास में काफी मदद मिलती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बता रहे हैं कि ढाई साल के बच्चे का हफ्तेभर का डाइट चार्ट कैसा होना चाहिए।**

### सोमवार का भोजन चार्ट

ढाई साल के बच्चे को सुबह 7 से 8 बजे एक कप दूध में ड्राई फ्रूट्स के साथ एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में 830 से 930 बजे के बीच बच्चे को नारियल की चटनी के साथ एक डोसा खिलाएं। इसके कुछ देर बाद 11 से 1130 बजे बच्चे को चुकंदर और गाजर का एक कप सूप पिलाएं। 1 से 2 बजे के बीच बच्चे का लंच करवाना है जिसमें उसे आधा कप हरी मटर के चावल और आधा कप चिकन करी खिलानी है। वेजिटेरियन हैं तो आधा कप चावल, आधा कप सहजन की दाल में एक चम्मच घी डालकर और आधा कप दही दें। शाम को 430 से 530 बजे बच्चे को पनीर सैंडविच दें और फिर रात को 730 से 815 बजे डिनर में एक मटर का परांठा और आधा कप दही खिलाएं।

### मंगलवार की डाइट

सुबह बच्चे को एक कप दूध में बादाम और एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। नाश्ते में बच्चे को सेरेलेक खिला सकती हैं। इसके थोड़ी देर बाद एक वेज रोज और आधा कप तरबूज खिलाना है। लंच में आधा कप वेज पुलाव और आधा कप रायता खिलाएं। शाम को एक कप मैंगो जूस पिलाएं। अब डिनर में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप चुकंदर की सब्जी दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

### बुधवार का खाना

25 साल के बच्चे को सुबह ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक इडली और दो चम्मच नारियल की चटनी खिलाएं। कुछ देर बाद एक कप संतरे का जूस पिलाना है। लंच में आधा कप चावल, आधा कप दाल पालक, एक चम्मच घी और आधा कप दही खिलानी है। इसके थोड़ी देर बाद एक रागी का लड्डू और एक केला खिलाएं। डिनर में बच्चे को आधा कप वेजिटेबल खिचड़ी के साथ आधा कप दही दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

### बृहस्पतिवार का भोजन चार्ट

सुबह उठने के बाद बच्चे को एक कप केले के मिल्क शेक में एक चम्मच शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। कुछ देर बाद बच्चे को आधा कप मिक्स वेज सूप और आधा कप अनानास खिलाना है। दोपहर को लंच में आधा कप मिक्स वेजिटेबल राइस और आधा कप दाल फ्राई खिलाएं। लंच के बाद एक बेसन का लड्डू और आधा कप खरबूजा खिलाएं। डिनर में आधा कप वेज नूडल्स दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

### शुक्रवार का डाइट चार्ट

शुक्रवार को सुबह नाश्ते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक कप पोहा खिलाएं। फिर थोड़ी देर बाद एक संतरा देना है। बच्चे को लंच में आधा कप चावल, आधा कप लौकी की दाल और एक चम्मच घी डालकर खिलाएं। शाम को एक वेज कटलेट के साथ आधा कप लस्सी पिलाएं। रात को डिनर में एक परांठा और आधा कप दाल फ्राई में एक चम्मच घी डालकर परोसें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

### शनिवार का खाना कैसा रखें

सुबह नाश्ते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। थोड़ी देर बाद एक कप पपीता और 4 से 5 खजूर खिलाएं। लंच में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप गाजर और आलू की सब्जी दें। शाम को एक कप गाजर का सूप पिलाएं। रात को डिनर में आधा कप वेजिटेबल पास्ता खिलाएं। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

# मेरे लिए सफलता का मतलब दायरों को तोड़ आगे बढ़ना



साउथ फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु अपने विचारों के लिए फैंस के बीच काफी पसंद की जाती हैं। वह महिलाओं से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाती हैं और उन्हें ऐसे मुद्दों को उठाने में एक सुकून महसूस होता है। हाल में उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान बताया कि उनके लिए सफलता का असली मतलब क्या है? हाल ही में सिडनी के भारतीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफएस) के 11वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए सफलता का मतलब सिर्फ उपलब्धियां हासिल करना नहीं है, बल्कि रूढ़िवादिता और सामाजिक बंधनों से मुक्त होना है। सामंथा ने स्वतंत्रता को अपनाने, कई भूमिकाएं निभाने और महिलाओं को क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए, इस बारे में पुरानी धारणाओं को चुनौती देने के महत्व पर प्रकाश डाला। अभिनेत्री ने साझा किया, मैंने पहले भी कहा है – मेरे लिए सफलता का मतलब दायरों को तोड़ आगे बढ़ना है। मैं दूसरों के यह कहने का इंतजार नहीं करती कि मैं सफल हूं। सफलता का मतलब है अपने जुनून को खुले मन से हासिल करना। यह किसी बॉक्स में नहीं रखा जाना चाहिए और यह नहीं बताया जाना चाहिए कि महिलाएं क्या कर सकती हैं या क्या नहीं? सिडनी के पॉवरहाउस म्यूजियम में फेस्टिवल डायरेक्टर के नेतृत्व में आयोजित एक सत्र के दौरान, सामंथा ने अपनी निजी और पेशेवर यात्रा के बारे में भी खुलकर बात की। अभिनेत्री ने बताया कि कैसे उन्होंने बाधाओं का सामना किया और दृढ़ संकल्प के साथ अपने करियर को आकार दिया। सामंथा ने अपने निर्माता की भूमिका में आने के बारे में भी बात की। उन्होंने इसे एक सशक्त कदम बताया। उनके मुताबिक, यह उन्हें विविधतापूर्ण और सार्थक कहानियों को आगे बढ़ाने का अवसर देता है। फेस्टिवल डायरेक्टर मितु भौमिक लांगे ने कहा, सामंथा की यात्रा सिडनी के भारतीय फिल्म महोत्सव के सार से जुड़ी है। यह फेस्टिवल भी प्रमाणिकता, दृढ़ता और विभिन्न मतों का जश्न मनाता है। हमें गर्व है कि इस साल सामंथा इसका नेतृत्व कर रही हैं।



## सनी सर के साथ स्क्रीन शेयर करना एक चुनौती और सम्मान दोनों

फिल्म अभिनेता सनी देओल के साथ अभिनेता रणदीप हुड्डा आगामी फिल्म जाट में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। फैंस को जाट का ट्रेलर पसंद आया है। इस बीच, अभिनेता रणदीप हुड्डा ने बताया कि कैसे सनी देओल ने उनकी फिटनेस यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपने स्कूल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें और उनके दोस्तों को सनी के प्रतिष्ठित पोस्टरों से प्रेरणा मिली, जिसने उन्हें जिम जाने और अच्छी बॉडी बनाने के लिए प्रेरित किया। आगामी थ्रिलर जाट में देओल के साथ काम कर रहे रणदीप ने कहा, मैं हमेशा से सनी देओल का बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं। बड़े होते हुए, हमने उन्हें स्क्रीन पर शक्तिशाली किरदारों में देखा है। मुझे अभी भी याद है कि हमारे स्कूल के हॉस्टल की अलमारियों में उनके पोस्टर लगे थे, उन्हें देखकर हम वजन उठाने और पुश-अप करने के लिए प्रेरित होते थे।

रणदीप ने कहा, जब मुझे उनके साथ काम करने के लिए यह भूमिका ऑफर की गई तो मैं बहुत खुश था क्योंकि मुझे यकीन था कि मैं सनी सर जैसे दिग्गज के साथ एक अल्ट्रा माचो एक्शन स्टार की भूमिका निभा रहा हूं। फिल्म में उनके साथ काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा है। सनी सर एक पावरहाउस हैं, और उनके साथ स्क्रीन शेयर करना एक चुनौती और सम्मान दोनों है। इससे पहले एक बयान में सनी देओल ने खुलासा किया कि गदर 2 के दौरान जाट की यात्रा शुरू हुई थी। घायल अभिनेता ने कहा, हम सभी इसे लेकर बहुत उत्साहित थे, हम एक खूबसूरत फिल्म शुरू करने वाले थे, और कई निर्देशकों के मिलने के बाद गोपी ने फिल्म करने के लिए सहमति व्यक्त की। हम गोवा में मिले, और उन्होंने कहा कि वह फिल्म का निर्देशन करेंगे और उनके पास सुनाने के लिए एक और कहानी है। उन्होंने मुझे सॉरी बोल-बोलकर पूरी फिल्म और कहानी में खींच लिया। इस तरह हमने जाट बनाई। गोपीचंद मलिनेनी द्वारा निर्देशित जाट में सनी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जबकि हुड्डा एक खतरनाक खलनायक की भूमिका में हैं। इस एक्शन थ्रिलर में देओल और हुड्डा पहली बार बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। फिल्म में विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा जैसे दमदार कलाकार हैं। 'जाट' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## पिता के नक्शेकदम पर ऋतिक, कृष 4 का करेंगे डायरेक्शन



ऋतिक रोशन फिल्म कृष 4 से डायरेक्शन में कदम रखने जा रहे हैं। इस बात का ऐलान खुद उनके पिता राकेश रोशन ने सोशल मीडिया पर किया है। उन्होंने कहा कि वे अब निर्देशन की जिम्मेदारी अपने बेटे ऋतिक को सौंप रहे हैं। वहीं, इस फिल्म को राकेश रोशन और आदित्य चोपड़ा मिलकर राकेश रोशन ने अपने इंस्टाग्राम पर ऋतिक रोशन के साथ एक फोटो शेयर की। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, '25 साल पहले मैंने तुम्हें एक एक्टर के तौर पर लॉन्च किया था और आज 25 साल बाद मैं तुम्हें एक निर्देशक के रूप में लॉन्च करने जा रहा हूं।' इसके अलावा ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए पुष्टि की कि ऋतिक रोशन डायरेक्शन में डेब्यू करने जा रहे हैं। वे अपनी फिल्म कृष 4 के साथ निर्देशन में कदम रखेंगे। इस फिल्म को आदित्य चोपड़ा और राकेश रोशन प्रोड्यूस करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, राकेश रोशन ने कहा, मैं कृष 4 के निर्देशन की कमान अपने बेटे ऋतिक रोशन को सौंप रहा हूं, जिन्होंने इस फ्रेंचाइजी की शुरुआत से ही मेरे साथ इसे जीया है। महसूस किया है और इसके सपने देखे हैं। ऋतिक के पास कृष की यात्रा को दशकों तक दर्शकों के साथ आगे ले जाने का एक विजन है। मुझे यह देखकर बहुत गर्व हो रहा है कि वह एक ऐसी फिल्म के लिए डायरेक्टर बनने जा रहे हैं, जो हमारे लिए एक परिवार के रूप में बहुत मायने रखती है।

## हीरामंडी से मशहूर होने के बाद भी अभिनेत्री को नहीं मिला काम



संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी फिल्म हीरामंडी ने अदिति राव को उनकी गजगामिनी चाल के लिए खास पहचान दिलाई। अभिनेत्री की कई जानी मानी हस्तियों को साथ तुलना की जाने लगी। इतना होने के बावजूद भी अदिति को फिल्मों के लिए करना पड़ा संघर्ष। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने क्या कहा।

### हीरामंडी की सफलता रही बेअसर

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री अदिति राव कोरियोग्राफर फराह खान के यूट्यूब चैनर पर पहुंचीं, जहां उन्होंने अपने अनुभवों का शेयर किया। फराह ने उनके हीरामंडी फिल्म में गचगामिनी चाल से इंटरनेट पर सनसनी मचा देने वाली बात कही। इसपर अभिनेत्री ने बताया कि इस फिल्म ने उन्हें एक खास मुकाम पर पहुंचा दिया था। साथ ही उन्होंने बताया कि उन्हें लगा कि फिल्म में बंपर सफलता से उनके पास काम की लाईन लगा जाएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। वह सोच में पड़ गई थी, यह उनके लिए फिल्मों का सूखा जैसा अनुभव था। फराह ने मजाक में पूछा अच्छा तो इसी समय आपने शादी कर ली थी तो, अदिति ने कहा कि उन्होंने सिद्धार्थ से उसी दौरान पिछले साल शादी कर ली थी।

### एक नजर हीरामंडी की ओर

संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी फिल्म हीरामंडी साल 2024 में रिलीज हुई थी। अदिति ने फिल्म में बिब्बोजान का किरादार निभाया था। फिल्म में 1940 के दशक में वैश्याओं और हीरामंडी की सांस्कृतिक वास्तविकता को दर्शाया गया था। इस फिल्म में अदिति के अलावा मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, फरदीन खान, रिचा चड्ढा, जैसे कई कलाकार मौजूद थे।

### अदिति राव का वर्कफ्रंट

अभिनेत्री राव की फिल्मों की बात करें तो अदिति अपनी आगामी फिल्म रोमांटिक ड्रामा में नजर आने वाली हैं, जिसके शीर्षक की अभी घोषणा नहीं हुई है। इसमें वह अविनाश तिवारी के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली कर रहे हैं, जो नेटफिलक्स पर रिलीज होगी।



## मुक्काबाज में विनीत कुमार सिंह को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना चाहिए था!



राजकुमार राव, जो इंडस्ट्री से बाहर के होने के बावजूद भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपनी प्रतिभा के दम पर बड़ी सफलता हासिल की है। और उन्हें अभिनेता विनीत कुमार सिंह में एक समान विचारधारा वाला कलाकार मिला। दोनों कलाकार, जिनके पास अपनी प्रतिभा के अलावा कोई और सहारा नहीं है, हाल ही में शहर में एक पुरस्कार समारोह में एक साथ देखे गए, और दर्शकों ने दोनों के बीच एक दिल को छू लेने वाला पल देखा। हाल ही में एक पुरस्कार समारोह में, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार प्राप्त करने वाले राजकुमार राव ने अपने सह-कलाकार विनीत कुमार सिंह की अद्भुत प्रतिभा की सराहना की। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि विनीत और राजकुमार दोनों अनुराग कश्यप की फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर का हिस्सा रह चुके हैं। अपना अवॉर्ड स्वीकार करते हुए, राजकुमार ने खासतौर पर छावा और सुपरबॉयज़ ऑफ़ मालेगांव में विनीत के दमदार अभिनय की तारीफ की, लेकिन उन्होंने विशेष रूप से मुक्काबाज में उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की। राजकुमार राव ने अपना विश्वास व्यक्त किया कि 2017 की फ़िल्म मुक्काबाज में विनीत के अभिनय को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने साझा किया कि उनकी राय में इस फ़िल्म ने भारत में बॉक्सिंग फ़िल्मों के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। मेरा मानना है कि मुक्काबाज को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना चाहिए। मैंने अपने देश में उस स्तर की बॉक्सिंग फ़िल्म कभी नहीं देखी और एक अभिनेता जो वास्तव में एक बॉक्सर की तरह दिखता और व्यवहार करता है, वह केवल आप ही थे विनीत।

राजकुमार की विनीत के प्रति प्रशंसा और सम्मान साफ झलक रहा था, जब उन्होंने उनके समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने विनीत की परफॉर्मेंस को न सिर्फ फिल्म को ऊंचा उठाने वाला बताया, बल्कि भारतीय सिनेमा में खेल की वास्तविकता को बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने वाला भी कहा। अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए, राजकुमार ने विनीत के शानदार काम को सलाम किया और कहा कि मुक्काबाज में उनका अभिनय का प्रदर्शन एक सच्चे कलाकार के रूप में उनके कौशल का प्रमाण है।



## सिकंदर के बाद एटली के साथ फिल्म करेंगे भाईजान, ये साउथ सुपरस्टार्स भो होंगे मूवी का हिस्सा

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी। वहीं इसी बीच सलमान ने एटली के साथ अपनी फिल्म के बारे में खुलकर बात की है साथ ही फिल्म से जुड़ी कुछ जानकारी भी शेयर की है।

### एटली के साथ फिल्म करेंगे भाईजान

एक खबर के मुताबिक, सलमान खान ने बताया कि वह निर्देशक एटली के साथ फिल्म करेंगे। हालांकि पहले खबरें आई थी कि उनकी यह फिल्म रुक गई है। दरअसल, फिल्म रुकी नहीं बल्कि पैसे की कमी की वजह से उसे कुछ समय के लिए टाल दिया गया है। सलमान ने कहा, फिल्म पर काम चल रहा है, लेकिन हम सही मौके का इंतजार कर रहे हैं। बजट की परेशानी की वजह से इसे अभी रोक दिया गया है।

### बजट की वजह से रुकी फिल्म

निर्देशक एटली को उनकी बेहतरीन एक्शन फिल्मों के लिए जाना जाता हैं, फिर चाहे बात शाहरुख खान की फिल्म जवान की ही क्यों ना हो। शाहरुख के साथ काम करने के बाद अब एटली, भाईजान के साथ फिल्म करना चाहते हैं।

सलमान के साथ एक बड़ी फिल्म बनाने वाले एटली की इस फिल्म के प्रोडक्शन का खर्चा काफी बढ़ गया, जिसकी वजह से टीम अब बजट और दूसरी चीजों पर दोबारा काम कर रही है। इसके बाद ही फिल्म की शूटिंग शुरू की जाएगी। इस फिल्म में सलमान के अलावा कमल हासन और रजनीकांत जैसे बड़े सितारे भी नजर आ सकते हैं।

## शाहिद कपूर के साथ काम करना मेरे लिए एक खास पल होगा

बॉलीवुड एक्टर ईशान खट्टर के लिए अपने भाई और एक्टर शाहिद कपूर के साथ काम करने का विचार बेहद उत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें शाहिद के साथ कैमरे के सामने आने का मौका मिला, तो वह बेहद खास होगा। शान ने बताया, इस इंडस्ट्री और इस काम की खूबसूरत बात यह है कि आपको कभी नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है, यह अनिश्चित है। मुझे लगता है कि हम दोनों ऐसे लोग हैं जो अपनी सहज भावना पर बहुत भरोसा करते हैं। फैशन टूर में हिस्सा लेने गुवाहाटी पहुंचे अभिनेता ने कहा, मुझे लगता है हम दोनों भाई एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं। मेरा मतलब है, वह मेरे बड़े भाई हैं, लेकिन मुझे लगता है कि हम दोनों के बीच आपसी सम्मान है और हम एक-दूसरे को अपने करियर में जगह और पूरी आजादी देते हैं।

ईशान ने कहा, अगर हमें साथ काम करने का मौका मिला, तो मुझे लगता है कि यह एक बहुत खास पल होगा और हम इसे दर्शकों के लिए भी उतना ही या उससे ज्यादा खास बनाना चाहेंगे। शान ने 2005 की फिल्म वाह! लाइफ हो तो ऐसी! में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट पहली बार स्क्रीन पर मौजूदगी दर्ज कराई थी। उन्होंने आगे कहा, जहां तक कहानी की बात है, यह किसी भी जोनर की हो सकती है, मुझे लगता है मैं अपने किरदार में पूरी तरह डूब कर काम करने को तत्पर रहूंगा।



# नाबालिगों के हाथों में नहीं दिखेगी स्टेयरिंग

## आज से अवैध ई-रिक्शा व ऑटो के खिलाफ अभियान

**गौतमबुद्धनगर (सूवि.)।** शासन एवं जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों पर अनधिकृत ई रिक्शा व ऑटो पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जनपद के परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में आज (1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025) तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ उदित नारायण पांडे ने बताया कि जनपद में अनधिकृत रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक सघन अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान की प्रतिदिन मॉनिटरिंग मुख्यालय स्तर से की जायेगी। इसके लिए अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) को नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा जनपदों के संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) को अभियान की सफलता को लेकर निर्देश दिये गये है। प्रत्येक शुक्रवार को शासन को इसकी रिपोर्ट भेजी जाएगी।



इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगी। कई घटनाओं में अनधिकृत ई-रिक्शा व ऑटो की संलिप्तता पाई गई है। अभियान चलाकर इस पर हर हाल में अंकुश लगाया जाए।

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी गाड़ी की स्टेयरिंग नाबालिगों के हाथों में न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाय एवं टेंपो, ई-रिक्शा चालकों का वेरीफिकेशन कराया जाए। जनपदों में गठित टास्क फोर्स में परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी शामिल किया जाए।

# धूमधाम से मनाया गया गणगौर महोत्सव, शोभायात्रा निकाली



**नोएडा (चेतना मंच)।** राजस्थान कल्याण परिषद् नोएडा सनातन धर्म मंदिर सैक्टर-19 में धूमधाम से गणगौर महोत्सव मनाया गया। गणगौर राजस्थान में महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला एक प्रमुख लोक पर्व है। जिसमें विवाहित महिलाओं द्वारा अपने परिवार की मंगल कामना एवं पति की लंबी आयु के लिए गणगौर स्थापना कर पूजा की जाती है। पार्वती को गणगौर प्रतिरूप व शिव को ईशर प्रतिरूप में पूजा की जाती है। गणगौर ईशर की पूजा होली दहन के अगले दिन से शुरू करके, सोलह दिनों तक महिलाएं सुबह सुबह पूजन करती हैं। कुंवारी लड़कियां भी अच्छा वर एवं अच्छा ससुराल मिले इसके लिए सोलह दिनों तक विधि विधान से गणगौर ईशर का पूजन करती हैं।

विधिविधान से पूजा करके गणगौर को अगले साल तक खुशहाली लाने के लिए विदा किया गया। विदाई समारोह में गणगौर की शोभायात्रा मंदिर प्राँगण में निकाली गयी। शोभा यात्रा के बाद भजन संध्या का आयोजन भी किया गया जिसमें में प्रसिद्ध भजन गायक राजेश खण्डेलवाल एवं के सी गुप्ता द्वारा सुंदर सुंदर भजनों द्वारा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया गया। भजन संध्या के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर काफी संख्या में नोएडा के गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिनमें राजस्थान कल्याण परिषद् के निवर्तमान अध्यक्ष जुगल किशोर भारती, गणगौर कार्यक्रम के संयोजक दिनेश माहेश्वरी, रंजू माथुर, डॉ लीना चौहान, जी पी केडिया, अनिल अग्रवाल, अंजनी सर्राफ, ओ पी बंसल, प्रकाश ईनाणी, महेंद्र शाह, प्रदीप बजाज, अरविंद बैद, वी एन पारीक, जीवन जैन, अनिल जैन, पवन शर्मा, निशु गुप्ता, शांति लाल सुराना, मंजू केडिया, पारुल माहेश्वरी, सरिता गुप्ता, निशि अग्रवाल, वर्षा भारती, अनुराधा बैद, रंजना सोनी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# नोएडा पुलिस का सोशल मीडिया सेल व डॉयल-112 दे रहा है जीवनदान

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट का सोशल मीडिया सेल और पीआरवी डॉयल-112 ने पिछले कुछ वर्षों में कमाल कर दिखाया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आत्महत्या की पोस्ट डालने वाले कई लोगों की नोएडा पुलिस ने काउंसलिंग क जरिए जान बचाई साथ ही सोशल मीडिया पर निगरानी रख कर गौतमबुद्धनगर में पीड़ित लोगों तक मदद पहुंचाई।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी के निर्देशन में पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर आत्महत्या की पोस्ट डालने वाले युवकों और महिलाओं को समय रहते बचाने का सराहनीय कार्य किया गया। पुलिस मुख्यालय लखनऊ और सोशल मीडिया सेल गौतमबुद्धनगर को मिली सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित थाना पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से लोकेशन प्राप्त की गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस टीमों ने संवेदनशीलता के साथ युवकों और महिला की काउंसलिंग की, जिससे उनकी जान बचाई जा सकी। इस दौरान पुलिस ने परिजनों को सूचित कर युवकों और महिला को सुरक्षित उनके सुपुर्द किया। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का यह प्रयास समाज में सुरक्षा और विश्वास की भावना को मजबूत करता है।




सोशल मीडिया निगरानी के माध्यम से पुलिस न केवल अपराधों पर नजर रख रही है, बल्कि लोगों की मानसिक स्थिति पर भी संवेदनशीलता के साथ ध्यान दे रही है। सोशल मीडिया सेल गौतमबुद्धनगर द्वारा विगत समय में कुछ ऐसे सराहनीय कार्य किये गये है जिसकी शहर में खूब चर्चा हुई।

थाना दनकौर पुलिस ने इंस्टाग्राम पर युवक ने फांसी का फोटो डालकर आत्महत्या का संकेत दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर युवक को लोकेट किया, काउंसलिंग की और परिजनों को सुपुर्द कर उसकी जान बचाई। इसी तरह थाना जेवर पुलिस ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक ने तनाव में आकर इंस्टाग्राम पर आत्महत्या संबंधी पोस्ट डाली। सोशल मीडिया सेल ने थाने को सूचना दी जिस पर जेवर पुलिस ने तत्काल युवक को खोजकर काउंसलिंग की, समझाया और आत्महत्या का प्रयास विफल किया। थाना बिसरख व दनकौर पुलिस द्वारा इंस्ट्राग्राम पर युवक ने सुसाइड की पोस्ट डाली, जिसका लोकेशन बिसरख में मिला। जिस पर बिसरख और दनकौर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर युवक को खोजा, काउंसलिंग की और परिजनों को सौंप दिया। थाना इकोटेक-3 पुलिस ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर युवक ने आत्महत्या की पोस्ट डाल दी। जिस पर इकोटेक-3 पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस से युवक को लोकेट कर काउंसलिंग की और उसकी जान बचाई। थाना दनकौर पुलिस ने परिजनों से नाराज होकर नहर में कूदकर आत्महत्या करने वाले युवक को मौके पर खोजा, काउंसलिंग की और सुरक्षित बचाया। इसी तरह थाना सूरजपुर पुलिस ने इंस्टाग्राम पर आत्महत्या का पोस्ट डालने वाले युवक की जान बचाई। थाना फेस-2 पुलिस ने भी एक महिला जिसने कमरे में बंद होकर दवाइयां खाकर आत्महत्या का प्रयास किया और लाइव वीडियो फेसबुक पर डाला। सोशल मीडिया सेल की सूचना पर फेस-2 पुलिस ने आरडब्ल्यूए की मदद से दरवाजा खुलवाया, महिला को बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी।

वहीं पीआरवी डायल 112 गौतमबुद्धनगर द्वारा विगत तीन वर्षो में 211 सराहनीय कार्य किये गये तथा 193 घायल व्यक्तियों समय से पुलिस सहायता प्रदान करते हुये पीडितों की जान बचाई गयी है। पुलिस कमिश्नर के कुशल नेतृत्व में कमिश्नरेट का सोशल मीडिया सेल और डॉयल-112 लोगों का जीवन रक्षक बन गया है।

# हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए कवि सम्मेलन

**नोएडा (चेतना मंच)।** विश्व हिंदी परिषद, नोएडा संभाग, द्वारा सेक्टर-122 में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य हिंदी साहित्य, भाषा और संस्कृति को सम्मानित करना तथा लोगों को हिंदी के प्रति प्रेरित करना था। सम्मलेन की शुरुआत में त्यागराजन संस्थान द्वारा भजन संध्या एवं प्रतिभा से भरपूर बच्ची हीरत शिशोदिया का भजन एवं स्वागत गीत से हुआ। कवि सम्मलेन के मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों लोक सभा सांसद डॉ महेश शर्मा, राजयसभा सांसद डॉ संगीता बलवंत, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश चौहान, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा एवं टीम, एवं



डॉ बिपिन कुमार अंतराष्ट्रीय महासचिव, विश्व हिंदी परिषद एवं इंदुप्रकाश सिंह, ओएसडी नोएडा महेश सक्सेना अध्यक्ष नोएडा लोक मंच का पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र प्रदान कर डॉ उमेश शर्मा, अध्यक्ष आरडब्लूए, केपी सिंह, अध्यक्ष हिंदी विश्व परिषद, देवेंद्र कुमार, महासचिव आरडब्लूए, ब्रह्मदत्त शर्मा महासचिव विश्व हिंदी परिषद, सचिन राणा, एमएसएमई, उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा गर्ग, उपाध्यक्ष, श्रीमती स्वाति अग्रवाल, डॉ मुनीश प्रकाश अग्रवाल, अशोक राय, राम कृष्णा यादव उपाध्यक्ष विश्व हिंदी परिषद एवं गिरीश शिशोदिया, आयुष सम्मान किया गया।

कवि विनय विनम्र द्वारा मंच संचालन किया गया। सम्मेलन में उपस्थित कवियों ने अपनी कविताओं का पाठ किया।

# माटीकला टूलकिट्स वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अनिल कर्णवाल ने बताया कि जिला पंचायत सभागार गौतमबुद्ध नगर में माटीकला टूलकिट्स वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रजापति राजेंद्र आर्य राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा शाखा अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासभा रजि0, देवेन्द्र प्रजापति जिला महासचिव, गौतमबुद्धनगर, राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ, डॉ0 सुभाष प्रजापति, डॉ राकेश, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गौतमबुद्ध नगर अनिल कर्णवाल, सहायक अनुदेशक, मनोज कुमार व अन्य सामाजिक



कार्यकर्ता उपस्थित हुऐ।

मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित लोगों को माटीकला उद्योग के विषय में लाभकारी तथा उपयोगी जानकारी दी गयी, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में विस्तार पूर्वक बताया, जिला महासचिव राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ द्वारा माटीकला उद्योग को करने तथा सफलता प्राप्त करने की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी, कार्यक्रम में नि:शुल्क टूलकिट्स वितरण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को नि:शुल्क विद्युत चालित पगमिल, विद्युत चालित चाक तथा पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन का वितरण किया गया। अंत में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के सम्बोधन द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ।

# उद्यान विभाग की उपेक्षा का शिकार है सेक्टर-82 का पॉकेट-7

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-82 के ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 में उद्यान विभाग से संबंधित समस्याओं से लगातार एक वर्ष से अवगत कराया जा रहा है इसके बावजूद भी समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ।





पॉकेट 7 के अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने बताया कि यहां जिम का फ्लोर खराब हुए एक वर्ष से अधिक हो चुका है लेकिन लगातार आश्वासन के बाद भी फ्लोर टाइल्स को बदला नहीं गया है। सारी फ्लोर टाइल्स बैंड हो चुकी हैं और उखड़ गई हैं। मैन गेट के पास की बोरिंग को खराब हुए कई वर्ष हो गए हैं जिसके कारण पार्क सूखे पड़े हैं। लगातार शिकायत के बाद भी समाधान नहीं हुआ। पार्कों के अंदर पेड़ों की छटाई होनी थी वह नहीं हुई जबकि बीस दिन पहले भी उद्यान निदेशक से आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने मुलाकात की थी और उन्होंने अगले ही दिन छटाई करने और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिया था लेकिन कोई नहीं आया। उद्यान विभाग की लापरवाही के कारण किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। कोई अधिकारी कभी भी यहां समस्या देखने आता तक नहीं है तो समाधान क्या होगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी से लेकर उद्यान विभाग के अधिकारियों को लगातार पत्र देने के बाद भी समस्या जस की तस है।

